Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
RNI NO. UPHIN/2018/76874
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
Merry Christmas

वर्ष: 6 अंक: 352 | गुरूवार, 25 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अटल जयंती पर लखनऊ में भव्य आयोजन

# पीएम मोदी आज 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का करेंगे लोकार्पण

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह स्थल भारतीय राष्ट्रवाद के तीन प्रमुख स्तंभों- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, आदर्शों और अमूल्य योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का अनुपम केंद्र बनेगा। 65 एकड़ में फैले इस परिसर में तीनों महान व्यक्तित्वों की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का प्रतीक हैं। कमल के आकार का आधुनिक संग्रहालय, ध्यान केंद्र और विशाल जनसभा स्थल इसे राष्ट्रीय



प्रेरणा का जीवंत स्रोत बनाते हैं। लगभग 230 करोड़ की लागत से निर्मित यह स्मारक न केवल विरासत का सम्मान है, बल्कि सुशासन और राष्ट्र सेवा के आदर्शों को जीवंत रखने का प्रेरक प्रयास भी। इस भव्य उद्घाटन समारोह में 2 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लखनऊ एक नए युग की शुरूआत का गवाह बनेगा। आइए, इस अवसर पर हम इन महान नेताओं की विरासत को नमन करें और राष्ट्र प्रेरणा स्थल से निकलने वाली प्रेरणा को आत्मसात करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को पर पोस्ट शेयर कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश की महान विभूतियों की विरासत के सम्मान और संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में कल (गुरुवार) दोपहर बाद करीब 2:30 बजे लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर ह्यराष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां वाजपेयी जी के साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की भव्य कांस्य प्रतिमाएं भी लगाई गई हैं। इसके साथ ही एक अत्याधुनिक संग्रहालय भी विकसित किया गया है, जहां राष्ट्र निर्माण में इन दूरदर्शी नेताओं के अमूल्य योगदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बंगाल में विरोध तेज


**कोलकाता।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और भीड़ द्वारा एक हिंदू युवक दीपू दास की बर्बर हत्या से देशभर में फैले आक्रोश के बीच घटना के खिलाफ बंगाल में विरोध प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन बुधवार को भारत-बांग्लादेश सीमा तक पहुंच गया। बर्बर हत्या के विरोध में हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के कई भूमि बंदरगाहों (चेकपोस्टों) पर बांग्लादेश से आने-जाने वाले आयात-निर्यात ट्रकों का रास्ता रोककर विरोध प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, हावड़ा जिले में प्रदर्शन के दौरान पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कई कार्यकर्ता



गंभीर रूप से घायल हो गए। सनातनी ऐक्य परिषद व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित दक्षिण एशिया के सबसे बड़े एकीकृत चेकपोस्ट आइसीपी पेट्रापोल और आइसीपी घोजाडांगा से लेकर मालदा के मनोहरपुर मुचिया सहित उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी के फुलबाड़ी और कूचबिहार के चेंगराबांधा चेकपोस्टों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

## देश को मिलेंगी 3 नई एयरलाइंस, इंडिगो को झटका मोदी सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।**

नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हालिया इंडिगो संकट से सबक लेते हुए केंद्र सरकार ने विमानन बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय देश में इंडिगो और एअर इंडिया के एकाधिकार के खत्म करने के लिए दो नई एयरलाइनों अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस को परिचालन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया है। इन दो कंपनियों के अलावा उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर को पहले ही एनओसी मिल चुका है। इसके 2026 में परिचालन शुरू करने की संभावना है। मंत्रालय देश में और अधिक विमानन संचालकों को लाने के लिए उत्सुक है। वर्तमान में, देश में नौ नियमित घरेलू विमानन कंपनियां सेवा दे रही हैं।

विमानन क्षेत्र में फिलहाल दो बड़े समूहों इंडिगो और टाटा समूह (एअर इंडिया) का राज है। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो देश के भीतर उड़ान भरने वाले करीब 90 प्रतिशत यात्री इन्हीं दो समूहों की सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं।

## वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए रेलवे लेकर आया 'एआई कवच', जारी किया टेंडर



**नई दिल्ली।** असम में हाल ही में राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आकर आठ हाथियों की मौत के बाद रेलवे ने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेलवे मंत्रालय ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में 981 किलोमीटर रेलमार्ग पर एआई आधारित प्रणाली लगाने का फैसला किया है, जिससे ट्रेन आने से पहले ही पटरियों के पास मौजूद हाथियों और अन्य जंगली जानवरों का पता चल सकेगा।

रेलवे ने एआई-सक्षम इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) लगाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। यह प्रणाली पहले से ही पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के 141 किलोमीटर हिस्से में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर काम कर रही है। नए विस्तार के बाद इसका दायरा बढ़कर 1,122 किलोमीटर हो जाएगा। आईडीएस पटरियों के आसपास हाथियों की हलचल को पहचानकर लोको पायलट, स्टेशन मास्टर और कंट्रोल रूम को रियल-टाइम अलर्ट भेजता है, जिससे ट्रेन की गति कम करने या समय रहते रोकने जैसे कदम उठाए जा सकें। इसके अलावा, रेलवे एआई आधारित कैमरे भी लगाएगा, जो शेर, बाघ और अन्य वन्यजीवों की मौजूदगी का संकेत ट्रेन को आधा किलोमीटर पहले ही दे देंगे। प्रणाली अप्रैल 2026 तक होगी लागू रेलवे मंत्रालय ने कहा कि तकनीक आधारित ये कदम केवल हादसों को रोकने के लिए नहीं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और सुरक्षित रेल संचालन के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को भी दशार्ते हैं।

## उदयपुर में आइटी कंपनी की मैनेजर से सामूहिक दुष्कर्म, सीईओ समेत तीन गिरफ्तार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में एक आइटी कंपनी की महिला मैनेजर के साथ चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता ने अपनी ही कंपनी के सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव हेड और उसके पति पर आरोप लगाए हैं। देर रात पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, घटना 20 दिसंबर की रात सुखेर इलाके में हुई, जब युवती कंपनी के सीईओ के बर्थडे और न्यू ईयर पार्टी में शामिल होने के बाद घर लौट रही थी। युवती ने बताया कि पार्टी देर रात तक चली और जमकर शराब का सेवन हुआ। युवती बेहोश होने जैसी स्थिति में थी, तब महिला एग्जीक्यूटिव हेड ने उसे अपनी कार में बैठाया।

## कर्नाटक: चित्रदुर्ग में ट्रक से टक्कर के बाद स्लीपर बस में लगी आग, 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।**

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में गुरुवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।

यहां पर एक स्लीपर प्राइवेट बस की टक्कर एक ट्रक (लोरी) से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्लीपर बस में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की जान गई है। जानकारी के अनुसार, ये बस बेंगलुरु से शिवमोग्गा जा रही थी। इस स्लीपर बस को 300 से अधिक किलोमीटर की यात्रा तय करनी थी। यह हादसा नेशनल हाईवे-48 (ठल्-48) पर हुआ। शुरूआती जानकारी के अनुसार, यह हादसा गुरुवार सुबह 3 बजे के करीब हुआ। जिस दौरान यह टक्कर हुई और बस में आग लग अधिकांश यात्री बस में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि दूसरी तरफ से आ रहे एक ट्रक ने डिवाइडर पार किया और बस से टकरा गया, जिससे बस में आग लग गई।



## पीएम नरेंद्र मोदी ने किया जीरामजी का जोरदार समर्थन

### बोले- संसद में चर्चा के बाद लाया गया बिल

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ग्रामीण रोजगार गारंटी के लिए बनाए गए नए अधिनियम वीबी-जीरामजी का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून आमदनी, संपत्ति सृजन, कृषि स्थिरता और दीर्घकालिक ग्रामीण उत्पादकता को परस्पर विरोधी प्राथमिकताओं में नहीं रखता। इसके बदले यह कानून इन्हें एक सतत प्रक्रिया के रूप में देखते हुए ग्रामीण रोजगार की नई परिभाषा प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखे गए एक लेख को एक्स पर साझा किया, जिसमें मनरेगा के स्थान पर लागू किए गए इस नए कानून के औचित्य और उद्देश्यों को रेखांकित किया गया है। पीएमओ ने लिखा- विधेयक लाने से पहले राज्य सरकारों के साथ व्यापक परामर्श, तकनीकी कार्यशालाएं और कई हितधारकों के साथ चर्चा की गई



थी। शिवराज चौहान ने अपने लेख में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि मनरेगा सार्थक परिणाम देने में विफल रहा है। मनरेगा की आड़ में संप्रग सरकार ने जनता को व्यापक भ्रष्टाचार के अलावा कुछ खास नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि नया अधिनियम कांग्रेस द्वारा छोड़ी गई गंभीर कमियों को दूर करने का प्रयास करता है।

## दिल्ली से लेकर बंगाल तक क्रिसमस की मची धूम

**नई दिल्ली।**

क्रिसमस के पावन पर्व पर देश की राजधानी दिल्ली सहित पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु, मुंबई, नोएडा आदि प्रमुख शहरों में उत्सव का रंग छा गया है। गिरजाघरों को रंग-बिरंगी लाइटों, क्रिसमस ट्री, सितारों और झिलमिलाते बल्बों से सजाया गया है, जो पूरे इलाकों को उत्सवी रंग में रंग रहे हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में चर्चों में पहुंचकर प्रार्थना सभा और मिडनाइट मास में शामिल हो रहे हैं। राजधानी दिल्ली के प्रमुख गिरजाघरों में



क्रिसमस की रौनक देखते ही बन रही है। सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल (कनॉट प्लेस), सेंट जेम्स चर्च (कश्मीरी गेट), सेंट स्टीफंस चर्च (पुरानी दिल्ली), जीपीओ क्षेत्र, लोधीरोड, साकेत और वसंत कुंज के चर्चों को विशेष रूप से सजाया गया है। इन चर्चों में रंगीन लाइटें और विशाल क्रिसमस ट्री स्थापित किए गए हैं। श्रद्धालु कैरोल गायन और प्रार्थना में डूबे नजर आ रहे हैं।

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का कहर

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत इस समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 5-10 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जबकि घना कोहरा दृश्यता को बेहद कम कर रहा है। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी ने सर्दी को और तीव्र कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) के अनुसार, उत्तर भारत में कोल्ड वेव की स्थिति 28 दिसंबर तक बनी रह सकती है। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सुबह-शाम घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी है, जिससे विजिबिलिटी कई जगहों पर 50-100 मीटर तक सिमट गई है। राजस्थान में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, हालांकि कुछ जगहों पर हल्की राहत मिली है। पहाड़ी क्षेत्रों में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तर-पूर्वी हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी और बारिश की संभावना है, जिससे हिमस्खलन और स्नोस्टॉर्म का खतरा बढ़ गया है। कश्मीर में 'चिल्लई कलां' की शुरूआत के साथ बर्फबारी ने घाटी को सफेद चादर ओढ़ा दी है, जबकि हिमाचल में ऊंचे दर्रों पर बर्फ जमा होने से सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं।

**दिल्ली यूपी में घना कोहरा**



## संपादक की कलम से

# अरावली में खनन रोकें

पर्वतमालाएं किसी भी देश की प्रहरी और सुरक्षा–कवच होती हैं। उन्हें क्यों खोदा और छीला जाए? खनिज माफिया कहीं और खुदाई करके मुनाफा कमा सकता है। कमोबेश उसे तो छोड़ दिया जाए, जो इनसानी अस्तित्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सर्वोच्च अदालत ने अरावली पर्वतमाला पर समिति की अनुशंसाएं मानते हुए जो फैसला सुनाया था, उसे ब्रह्म–वाक्य नहीं माना जा सकता। सर्वोच्च अदालत अपने फैसलों पर पुनर्विचार


ललित शर्मा
संपादक

करती आई है, लिहाजा अरावली पहाडि ?ों की 100 मीटर ऊंचाई के मानदंड पर भी पुनर्विचार किया जा सकता है। जिस पहाड़ी की ऊंचाई 100 या अधिक मीटर है, वह अरावली है, शेष पहाडियां लावारिस हैं। यह कैसे स्वीकार्य हो सकता है? संपूर्ण अरावली पर्वतमाला को सुरक्षित और संरक्षित किया जाना चाहिए। आज अरावली का नंबर है, कल हिमालय को भी खंडित किया जा सकता है! अरावली पर्वतमाला राजधानी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात में 692 किमी लंबी है। इसमें से अधिकांश हिस्सा राजस्थान के तहत आता है। यह देश की सबसे प्राचीन और अरबों साल पुरानी धरोहर है, लिहाजा आदरणीय भी है। जन–आंदोलन राजस्थान में ही नहीं, शेष राज्यों में भी उग्र करना चाहिए, क्योंकि यह पर्वतमाला हमारे अस्तित्व से जुड़ी है। जब ये पहाडियां नहीं रहेंगी, तो देश की राजधानी दिल्ली समेत मैदानी इलाकों की कितनी भयावह, गरम और मरुस्थलीय स्थितियां होंगी, यह सोच कर भी दहशत होने लगती है। यदि लगातार खनन के बाद अरावली पर्वतमाला शेष नहीं रही, तो राजधानी दिल्ली समेत उत्तरी भारत गरम और रेतीली हवाओं में घिर जाएंगे। धीरे–धीरे रेत के पहाड़ आकार लेंगे और रेगिस्तान दिल्ली, हरियाणा, गुजरात तक भी फैल जाएगा। राजस्थान का काफी हिस्सा आज ही मरुस्थल है। खनन और वनों की कटाई बढ़ी, तो दिल्ली–एनसीआर में पीएम 10 और पीएम 2.5 सरीखे प्रदूषण के कण बहुत तेजी से बढ़ेंगे। नतीजतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाश्वत रूप से गंभीर या अत्यंत खतरनाक श्रेणी में ही रहेंगे। आज राजधानी क्षेत्र के निवासी गर्मियों में 48–50 डिग्री सेल्सियस तापमान झेल कर ही बिलबिलाने लगते हैं। मरुस्थलीय स्थितियों में तापमान बढ़ेगा और प्राकृतिक ठंडक खत्म हो जाएगी, तो क्या होगा? राजधानी क्षेत्र हमेशा धुंध–कोहरे में घिरा रहेगा, तो कैसा महसूस करेंगे? अरावली पर्वतमाला अपनी ऊंचाई के कारण प्राकृतिक रूप से धूल–अवरोधक है, जो थार मरुस्थल और उत्तरी भारत के उपजाऊ मैदानों के बीच एक प्राकृतिक दीवार का काम करती है। मानसून की हवाओं को रोक कर बारिश कराती है, लिहाजा पर्वतमाला को छिन्न–भिन्न करने से हरियाणा और राजस्थान में अकाल की नौबत भी आ सकती है। वह दिल्ली–एनसीआर और गुजरात में भी खाद्य–संकट पैदा कर सकती है। तो अरावली में खनन, खुदाई क्यों की जाए? हालांकि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का बयान है कि खनन अरावली पर्वतमाला के पूरे क्षेत्र के मात्र 0.19 फीसदी भाग में ही होता है। राजधानी दिल्ली में खनन की कोई भी अनुमति नहीं है, लेकिन फरीदाबाद और गुरुग्राम के जंगलात में जाकर मंत्री जी ने कभी जायजा लिया है। हरियाणा में भिवानी जिले के तोशाम विधानसभा क्षेत्र के एक गांव–खानक–का एक दृश्य सामने आया है। उस छोटे से गांव में हर 100 कदम पर 300 क्रशर मशीनें पहाडि ?ां खोद रही हैं। वहां 150 से अधिक खनन साइट हैं, जहां हर वक्त 500 से अधिक डंपर मौजूद रहते हैं। गांव में करीब 1500 घर हैं। हरेक के घर की दीवारों में या तो दरारें आ गई हैं अथवा प्लास्टर उधड़ चुके हैं।

## डॉ. प्रियंका सौरभ

## बेकद्र

### कविता



बेकद्रों के हाथ अगर चाँद भी लग जाए,
वो उसको भी ग्रहण लगाने का हुनर रखते हैं।
दीये जलें तो हवा को दोषी ठहराते हैं,
खुद अँधेरे पालने की पूरी कसम रखते हैं।

फूलों को रौंदकर कहते हैं—मौसम खराब है,
आईने तोड़कर चेहरे से नजर चुराते हैं।
जहाँ उजाला सच बोलने लगता है जरा सा,
वहीं ये लोग साज़िशों के बादल बरसाते हैं।

सूरज को भी तौलते हैं अपनी छाया से,
सच की ऊँचाई उन्हें अक्सर चुभती है।
जो स्वयं भीतर से खोखले हों साहब,
उन्हें हर चमकती चीज ही झूठी लगती है।


इतिहास गवाह है—रात ज्यादा टिकती नहीं,
ग्रहण भी स्थायी नहीं होते जमाने में।
चाँद फिर निकल आता है पूरी आभा संग,
और बेकद्र रह जाते हैं अपने बहाने में।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अरावली की चिन्ता: नारे से आगे, अस्तित्व की लड़ाई

अरावली पर्वत श्रृंखला की नई परिभाषा को लेकर उठा विवाद अब जन-आन्दोलन का रूप ले रहा है। इसी के अन्तर्गत अरावली बचाओ की चिन्ता-यह केवल भावनात्मक आह्वान नहीं, बल्कि भारत के पर्यावरणीय भविष्य की जीवनरेखा है। गुजरात से लेकर दिल्ली तक फैली अरावली पर्वतमाला पृथ्वी की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। यह पर्वत केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि जल, जंगल, जैव-विविधता, जलवायु संतुलन और मानव जीवन के लिए एक प्राकृतिक कवच है। आज जब खनन, शहरीकरण और विकास की आड़ में इस पर्वतमाला को टुकड़ों में बांटने की कोशिशें हो रही हैं, तब यह प्रश्न केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मनुष्य जाति के अस्तित्व का बन गया है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अरावली को लेकर सरकारों की चिन्ता व्यर्थ न जाये, कोई सकारात्मक रंग लाए। पहाड़ी इलाकों के खनन, उपेक्षा एवं लोभवृत्ति पर विचार करना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारों की उपेक्षा की वजह से अरावली के बड़े हिस्से का खनन ही नहीं हुआ, आमजन एवं प्रकृति-पर्यावरण रक्षा का यह कवच ध्वस्त भी हुआ है।





अरावली की आयु भूगर्भीय दृष्टि से करोड़ों वर्षों में आंकी जाती है। यह हिमालय से भी पुरानी है। यही कारण है कि अरावली का स्वरूप अपेक्षाकृत निचला और क्षरित दिखाई देता है, किंतु इसका महत्व कहीं अधिक गहरा है। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के बड़े हिस्सों में वर्षा जल का संचयन, भूजल रिचार्ज और मरुस्थलीकरण पर नियंत्रण अरावली के कारण ही संभव है। थार मरुस्थल को पूर्व की ओर बढ़ने से रोकने में अरावली की भूमिका किसी अदृश्य दीवार की तरह है। आज के समय में पर्यावरणीय संकट बहुआयामी हो चुका है-जल संकट, वायु प्रदूषण, जैव-विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तन और अनियंत्रित शहरी विस्तार। इन सभी चुनौतियों का एक साझा समाधान अरावली जैसी प्राकृतिक संरचनाओं का संरक्षण है। दुर्भाग्यवश, खनन और निर्माण गतिविधियों ने इस पर्वतमाला को गहरे घाव दिए हैं। पत्थर, संगमरमर और अन्य खनिजों के लिए की जा रही अंधाधुंध खुदाई ने न केवल पहाड़ों को खोखला किया है, बल्कि आसपास के गांवों, नदियों और जंगलों को भी संकट में डाल दिया है। लगातार संकट से घिर रही अरावली को बचाने के लिये एक याचिका 1985 से न्यायालय में विचाराधीन है। हालांकि इस याचिका का ही नतीजा है कि अरावली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा संरक्षित श्रेणी में आता है। वैसे अब समय आ गया है कि अरावली को पूरी तरह से खनन-मुक्त रखने का फैसला किया जाये। अब भी खनन जारी रहा तो उससे होने वाले लाभ से कई गुणा ज्यादा कीमत हमें पर्यावरण के मोर्चे पर चुकानी पडेगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर अरावली के संरक्षण को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। न्यायालय का दृष्टिकोण स्पष्ट रहा है कि पर्यावरणीय संतुलन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश को वैधता नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद, विभिन्न स्तरों पर नियमों की व्याख्या और पुनर्व्याख्या के जरिए खनन को अनुमति देने के प्रयास होते रहे हैं। विशेष रूप से ह्व100 मीटर ऊंचाईह्व जैसे मानदंडों के आधार पर पर्वतों को परिभाषित करना और उससे नीचे की संरचनाओं को खनन योग्य मानना एक खतरनाक प्रवृत्ति है। यह तर्क न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से कमजोर है, बल्कि पर्यावरणीय समझ के भी विपरीत है। खनन की वजह से अरावली की छलनी हो चुकी है।


ललित गर्ग

पर्वत केवल ऊंचाई से नहीं पहचाने जाते, बल्कि उनके भूगर्भीय ढांचे, जलधारण क्षमता और पारिस्थितिकी तंत्र से उनकी पहचान होती है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने ऊंचे पर्वत। यदि इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, तो धीरे-धीरे पूरी अरावली को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाप्त किया जा सकता है। यह दृष्टिकोण अल्पकालिक आर्थिक लाभ को दीर्घकालिक पर्यावरणीय सुरक्षा से ऊपर रखता है। राजस्थान सरकार की कुछ पहलें संरक्षण की दिशा में सराहनीय कही जा सकती हैं, जैसे वन क्षेत्रों की अधिसूचना, अवैध खनन पर कार्रवाई और पर्यावरणीय स्वीकृतियों की सख्ती। किंतु इन प्रयासों के समानांतर ऐसी नीतिगत ढील भी दिखाई देती है, जो खनन और रियल एस्टेट गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर यह तर्क दिया जाता है कि नियंत्रित खनन से विकास संभव है। परंतु अनुभव बताता है कि ह्वनियंत्रितह्व शब्द व्यवहार में अक्सर अर्थहीन हो जाता है। भले ही वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव स्पष्टीकरण दे रहे हैं कि सिर्फ 277 वर्ग किमी में ही खनन की अनुमति है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि नई परिभाषा से खनन बढ़ेगा नहीं, बल्कि अवैध खनन रूकेगा। विकास और पर्यावरण को आमने-सामने खड़ा करना एक पुरानी भूल है। सच्चा विकास वही है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाकर हो। अरावली का संरक्षण विकास विरोधी कदम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की शर्त है। जिन क्षेत्रों में अरावली को नुकसान पहुंचा है, वहां जल स्तर गिरा है, तापमान बढ़ा है और जैव-विविधता घट गई है। दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा और जल संकट में अरावली के क्षरण की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अरावली में वन्यजीव लगभग खत्म होने को है। खनन के विकल्प पर विचार करना होगा। खनन मुख्यत पत्थर के लिये होता है और पत्थरों से सुन्दर घर बनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है, इस परम्परा पर नये सिरे से चिन्तन करने की अपेक्षा है। घर या इमारत बनाने के दूसरे संसाधन पर सोचना होगा। जिनसे मकान तो बहुत बन जायेंगे, पर कटने वाले पहाड़ फिर कभी खड़े नहीं होंगे। पर्यावरण एवं प्रकृति रक्षक ये पहाड़ कहां से लायेंगे? सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली के साथ-ही-साथ उत्तराखण्ड में भी जंगलों में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ चिन्ता का इजहार किया है।

लेकिन अदालतों के साथ सरकारों को भी पर्यावरण, प्रकृति, पहाड़, पहाड़ी जंगलों एवं वन्यजीवों पर कड़ा रुख अपनाना होगा और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता में रखना होगा। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो विश्व के अनेक देशों ने अपनी प्राचीन पर्वतमालाओं और प्राकृतिक संरचनाओं को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में संरक्षित किया है। यूरोप में आल्प्स, अमेरिका में रॉकी पर्वत और चीन में पीली नदी के बेसिन क्षेत्र इसके उदाहरण हैं। इन क्षेत्रों में खनन और निर्माण पर कठोर नियंत्रण है, क्योंकि वहां यह समझ विकसित हो चुकी है कि प्रकृति की कीमत पर आर्थिक समृद्धि टिकाऊ नहीं होती। भारत में भी इस सोच को अपनाने की आवश्यकता है। अरावली केवल जल का स्रोत नहीं है; यह जैव-विविधता का आश्रय है। यहां पाए जाने वाले वनस्पति और जीव-जंतु पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जंगलों की कटाई और पहाड़ों की खुदाई से वन्यजीवों का आवास नष्ट होता है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता है। यह समस्या केवल पर्यावरणीय नहीं, सामाजिक भी है।

आज देशभर में अरावली के संरक्षण को लेकर आंदोलन हो रहे हैं। ये आंदोलन इस बात का संकेत हैं कि समाज अब खामोश नहीं रहना चाहता। नागरिकों, पर्यावरणविदों, न्यायपालिका और नीति-निमार्ताओं के बीच संवाद आवश्यक है। यह समय भावनात्मक नारों से आगे बढ़कर ठोस नीतिगत निर्णय लेने का है-खनन पर पूर्ण प्रतिबंध, पुनर्वनीकरण, जल संरक्षण परियोजनाएं और स्थानीय समुदायों की भागीदारी। बीज अगर आज प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्यार का बोए जाएंगे, तो कल स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित भविष्य का फल मिलेगा। अरावली बचेगी तो भारत खुशहाल रहेगा, यह केवल कविता की पंक्ति नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक सत्य है। धरती मां की रक्षा करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। यदि आज हमने लालच को प्राथमिकता दी, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। अंततः, अरावली का सवाल केवल एक पर्वतमाला का नहीं, बल्कि उस सोच का है जो विकास को विनाश से अलग देखती है। इतिहास उन्हीं समाजों को याद रखता है, जिन्होंने प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर प्रगति की। आइए, हम भी वही इतिहास लिखें, जहां हर आवाज शोर बने और अरावली के साथ जीवन भी भरपूर सुनिश्चित हो।

# रोमांटिक हनीमून का सपना, 2026 में इन खूबसूरत जगहों पर बिताना खास पल, बजट भी जानें

आज हम आपको दुनियाभर के बेस्ट हनीमून डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे रहैं। जो साल 2026 में सबसे ज्यादा पसंद किए जा सकते हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि किस जगह पर कपल्स को कितना खर्च करना पड़ सकता है। शादी के बाद हर कपल के लिए हनीमून सबसे ज्यादा खास और यादगार समय होता है। यही कारण है कि सही डेस्टिनेशन चुनना बेहद जरूरी होता है। ज्यादातर कपल्स हनीमून के लिए ऐसी जगह का चुनाव करना चाहते हैं, जहां खूबसूरत नजारे, रोमांस, निजी पल और शानदार अनुभव सबकुछ एक साथ मिले। जिन कपल्स की शादी इस वेडिंग सीजन में हो रही है, उनको अभी से अपने हनीमून डेस्टिनेशन का चुनाव कर लेना चाहिए। वहीं कपल्स 2026 के ट्रेंडिंग हनीमून डेस्टिनेशन की बुकिंग करवा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनियाभर के बेस्ट हनीमून डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे रहैं। जो साल 2026 में सबसे ज्यादा पसंद किए जा सकते हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि किस जगह पर कपल्स को कितना खर्च करना पड़ सकता है। ऐसे में हम आपको ळङ्कस्त्र ळश्लिल्लल्लिॅ ल्ङ्कल्लीटेङ्कङ्कल्ल ऊी२३ल्लं३ङ्कल्ल२ 2026 की लिस्ट के बारे में बता रहे हैं।



**श्रीलंका**

खूबसूरत प्राकृतिक नजारों और शांत बीचेस के बीच जो कपल्स रोमांटिक समय बिताना चाहते हैं, वह श्रीलंका आ सकते हैं। यह उन कपल्स के लिए परफेक्ट है, जो एक ही ट्रिप में जंगल, बीच, हिल स्टेशन और संस्कृति का मिश्रण चाहते हैं। यहां पर आप कैंडी की झीलें और मंदिर, बेंटोटा और मिरिसा के रोमांटिक बीच, एला के मनमोहक पर्वत और सफारी का लुत्फ उठा सकते हैं। श्रीलंका में हनीमून पैकेज पर करीब 1,60,000 रुपए खर्च हो सकता है।

**मलेशिया**

मलेशिया में आपको एडवेंचर और लग्जरी का परफेक्ट मिश्रण मिलेगा। यह जगह हर साल कपल्स की फेवरेट रही है। वहीं साल 2026 में भी मलेशिया ट्रेंड में है। ऐसे में अगर आप भी मलेशिया में हनीमून पर जाना चाहते हैं, तो प्रति कपल पैकेज की कीमत 1,30,000 रुपए हो सकती है। मलेशिया में कुआलालंपुर की नाइट लाइफ को एंजॉय करने का मौका मिलता है। इसके साथ ही पेट्रोनास टावर्स, जेंटिंग हाइलैंड्स की कूल वादियां और लैंहकॉवी के रोमांटिक बीच पर घूम सकते हैं। यहां पर खाना, वॉटर स्पोर्ट्स और शॉपिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

**वियतनाम**

नेचर लवर्स के लिए वियतनाम स्वर्ग है। साल 2026 में यह जगह एशिया का सबसे तेजी से उभरता हुआ हनीमून डेस्टिनेशन बन सकता है। एशिया के सुंदर और पॉकेट फ्रेंडली रोमांटिक डेस्टिनेशन में शामिल होना चाहते हैं, तो आपको वियतनाम को एक्सप्लोर करना चाहिए। कपल के लिए वियतनाम हनीमून डेस्टिनेशन का खर्च लगभग 170000 रुपए हो सकता है। यहां पर आने वाले कपल्स हा लॉन्ग बे में कैंडल लाइट क्रूज पर जा सकते हैं। होई एन और दा नांग की रोमांटिक सड़कों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। इसके अलावा निन्ह बिन्ह की झील और पहाड़ों के शानदार और खूबसूरत दृश्य देख सकते हैं।

**बाली**

बता दें कि बाली इंडोनेशिया का रोमांटिक पैराडाइज है। हनीमून पर जाने वाले कपल्स की यह फेवरेट जगह है। यहां पर कल्चर, लग्जरी और रोमांस का परफेक्ट मिश्रण मिलता है। अगर आप बाली को अपने हनीमून के लिए चुन रहे हैं, यहां के उबुद के निजी पूल विला में स्टे केरं। कुटा और सेमिनायक नाइटलाइफ का लुत्फ जरूर उठाएं। बाली के झरनों के पास रोमांस कर सकेंगे। वहीं बीच पर सूर्यास्त का नजारा देखना न भूलें। आप यहां पर समुद्र तट पर रोमांटिक डिनर का लुत्फ जरूर उठाएं। बाली में हनीमून के लिए कपल का 1,70,000 पैकेज पर खर्च हो सकते हैं।

**मॉरीशस**

लग्जरी हनीमून का नंबर 1 ऑप्शन मॉरीशस को कहा जा सकता है। यह दुनिया के सबसे प्रीमियम हनीमून डेस्टिनेशन में गिना जाता है। मॉरीशस के ब्लू लगनूंस, व्हाइट सैंड बीच और रॉयल ट्रीटमेंट आपके हनीमून को मजेदार बना देंगे। मॉरीशस में मुख्य आकर्षण ग्रैंड बाई के बीच, कैटामरैन क्रूज, उत्तरी द्वीप यात्रा, कोरल रीफ्स में स्नॉर्कलिंग है। मॉरीशस में हनीमून के लिए कपल को करीब 2,50,000 रुपए पैकेज पर खर्च करना पड़ सकता है।

# फ्यूचर चिल्ड्रन' एकेडमी में क्रिसमस ईव पर रंगारंग कार्यक्रम हुआ

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर** : शिवाला कला स्थित फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में क्रिसमस ईव के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कक्षाओं व नोटिस बोर्ड की सुंदर सजावट की, जिससे पूरा विद्यालय परिसर क्रिसमस के रंगों से सजा नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक संघर्ष चौहान एवं उपाध्यक्ष कल्याणी चौहान ने विद्यार्थियों को क्रिसमस के महत्व, प्रेम, भाईचारे, सेवा और सद्भावना के संदेश के बारे में समझाया। उन्होंने बच्चों को समाज में सकारात्मक सोच और मानवीय मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य अनुराग यादव एवं विद्यालय समन्वयक सुलभ चौहान ने भी विद्यार्थियों को क्रिसमस से जुड़ी जानकारी देते हुए प्रभु यीशु मसीह के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को एक-दूसरे के प्रति सहयोग, सम्मान और दया की भावना विकसित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गीत, गतिविधियाँ और रचनात्मक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्हें सभी ने सराहा। पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को क्रिसमस की शुभकामनाएँ दी गईं और सभी के सुखद, शांतिपूर्ण एवं आनंदमय भविष्य की कामना की गई।

# यूनिवर्सिटी ऑफ लुसियाना यूएसए व भारतीय अवॉर्ड काउंसिल का भव्य सम्मान आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर**। नई दिल्ली पश्चिम विहार स्थित मैपल गोल्ड में यूनिवर्सिटी ऑफ लुसियाना (वरअ) एवं भारतीय अवॉर्ड काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य एवं गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से पधारे शिक्षाविदों, समाजसेवियों, चिकित्सकों, साहित्यकारों, पत्रकारों एवं अन्य विशिष्ट प्रतिभाओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, समाजसेवा, चिकित्सा, साहित्य, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अनेक विभूतियों को अलगझ्अलग श्रेणियों में सम्मान एवं अवॉर्ड प्रदान किए गए। सम्मानित व्यक्तित्वों के कार्यों की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना एवं उनके योगदान को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. राधिका एवं डॉ. अन्नू कृष्णा ने सभी अतिथियों, सम्मानित जनों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली मंच संचालन राष्ट्रीय मंच संचालक शुभम वालिया द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी सशक्त वाणी और कुशल संचालन से समारोह को स्मरणीय बना दिया। समारोह का समापन राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के संकल्प के साथ किया गया।

## भाइयों से मिलने जा रही महिला की रोडवेज बस में मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** स्योहारा रोडवेज बस में सफर कर रही वृद्ध महिला की सफर के दौरान मृत्य हो गई। बस को सहसपुर पुलिस चौकी के सामने रोककर पुलिस के द्वारा एम्बुलेंस करा कर उसके घर को भेजा गया बस में नगीना से अपने पुत्रों से मिलने जा रही महिला की मौत हो गई। महिला को पुलिस ने एम्बुलेंस से नगीना पहुंचा गया। महिला के साथ उसकी पुत्री पुष्पा पत्नी संदीप कुमार ने बताया कि उनकी 70 वर्षीय मां भगवंती बहुत दिन से अपने भाई जो सुरानांगला निवासी हैं जाने की ज़िद कर रही थी। आज वो है और उनकी भाभी उनको लेकर सुरानांगला जा रही थी रास्ते में अचानक उनकी मां ने बोलना बंद कर दिया। उन्होंने सहसपुर पुलिस चौकी के सामने बस रुकवाकर पुलिस की मौजूदगी में व एंबुलेंस करके नगीना को भेज दिया गया। भगवंती ग्राम तरुनवाला नगीना ह निवासी थी और अपने भाईयों से मिलने के लिए सुरानांगला जा रही थी। भाई से मिलने की चाह अधूरी रह गई।

## चोरों ने 100 मीटर के दायरे में पांच चोरी की वारदातों को दिया अंजाम



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नहटौर नगर के हल्दौर रोड पर पिछले कुछ दिनों में अज्ञात चोरों ने 100 मीटर के दायरे में पांच चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है इन घटनाओं में ई रिक्शा शोरूम, सरिया सीमेंट की दुकान स्टेशनरी की स्टेशनरी की दुकान और ट्रैक्टरों से सामान चोरी हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है जानकारी के अनुसार गांव नहेड़ा निवासी फुरकान अहमद का हल्दौर रोड पर एक ई-रिक्शा शोरूम का गोदाम है पुलिस सरिया सीमेंट और स्टेशनरी की दुकान में हुई चोरी की सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए जब फुरकान के शोरूम के गोदाम पर पहुंची तो गोदाम का दरवाजा खुला मिला सूचना पर फुरकान अहमद मौके पर पहुंचे और गोदाम के अंदर से स्कूटी की 11 लिथियम बैटरियां तथा कुछ गिफ्ट चोरी होने का पता चला। चोरी हुए सामान की कीमत करीब चालीस हजाररुपये बताई गई है। चोर छत के रास्ते से शोरूम के गोदाम में घुसे थे। इससे कुछ ही दूरी पर कुलवीर चौधरी की सरिया सीमेंट और उनके भाई कुलदीप की स्टेशनरी की दुकान में भी चोरी हुई थी। अज्ञात चोरों ने इन दुकानों से करीब की दुकान पांच हजार रुपये नकद और चार चांदी के सिक्के चुरा लिए थे।

## पेट्रोल डीजल का अवैध कारोबार, छापामारी के दौरान भारी मात्रा में डीजल व पैट्रोल बरामद



जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसीलदार नजीबाबाद, पूर्ति अधिकारी व पुलिस टीम ने आदर्शनगर क्षेत्र में एक मकान पर छापा मारकर सैकड़ों लीटर तैल बरामद किया। मकान मालिक मौके से फरार हो गया। बीती रात तहसीलदार संतोष यादव, पूर्ति अधिकारी व मंडी चौकी उपनिरीक्षक नक्षत्रपाल ने मुखबिर की सूचना पर आदर्शनगर स्थित ए/13 में हरिश्चंद के मकान पर छापा मारा। जहां उन्हे प्लास्टिक की कैंन व बाल्टियों में सैकेडों लीटर तैल बरामद किया। मकान मालिक मौके से फरार हो गया। बताते चले कि इससे पूर्व भी आदर्शनगर क्षेत्र में टेंकरों से तेल चोरी हो रहा था। जिसका संज्ञान लेते हुए प्रशासन की ओर से कार्रवाई की गई है। इस संबंध में तहसीलदार नजीबाबाद संतोष यादव को फोन किया गया मगर उन्होने फोन रिसीव नहीं किया।

# जेपी पब्लिक स्कूल ने चैरिटी ड्राइव के साथ क्रिसमस मनाया गया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर**। जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर ने चैरिटी ड्राइव के साथ क्रिसमस मनाया साथ ही जेपी पब्लिक स्कूल ने ₹हमारे पास जो कुछ है उसे शेयर करें₹ थीम के तहत एक चैरिटी ड्राइव का आयोजन करके क्रिसमस को एक सार्थक तरीके से मनाया। इस गतिविधि का फोकस सामाजिक जिम्मेदारी पर था अलग-अलग कक्षा के विद्यार्थियों ने इस्तेमाल की हुई, लेकिन इस्तेमाल करने लायक चीजें देकर इसमें हिस्सा लिया। इकट्ठा की गई सभी चीजें जरूरतमंदों में बांटने के लिए एक माइलस्टोन (एनजीओ) को सौंप दी गईं। इस गतिविधि के जरिए, विद्यार्थियों ने क्रिसमस का असली संदेश सीखा, जो हैं, दूसरों की देखभाल करना और जरूरतमंदों की मदद करना। इस पहल ने विद्यार्थियों के बीच सहानुभूति, उदारता और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा दिया। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों की कोशिशों की तारीफ की और ज़िम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाने में ऐसी गतिविधि के महत्व पर जोर दिया। प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि जो चीज हमारे पास है और हम उसका प्रयोग नहीं कर रहे है। किसी जरूरतमंद को हम दे सकते हैं इससे समाज की सेवा का हमें एक शुभ अवसर मिलेगा। यह चैरिटी ड्राइव एक सार्थक अनुभव साबित हुई और मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# यूनिवर्सल एकेडमी में क्रिसमस डे एवं तुलसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर** : यूनिवर्सल एकेडमी में क्रिसमस डे एवं तुलसी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं तुलसी पूजन से की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया था। इस उपलक्ष पर कक्षा 3 व कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने तुलसी दिवस व क्रिसमस डे पर सुंदर प्रस्तुति दी। और कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने सुंदर गीत से सबका मन मोहा। क्रिसमस के अवसर पर बच्चे संता क्लाज बनकर टॉफी दी ।कक्षा 4 के छात्रों द्वारा क्रिसमस के महत्व पर एक सुंदर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी तथा प्रभु यीशु मसीह के संदेश–प्रेम, करुणा और भाईचारे–को साझा किया गया। वहीं तुलसी दिवस के अवसर पर तुलसी पौधे के धार्मिक, आयुर्वेदिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी व उपप्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नैतिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण एवं सांस्कृतिक समरसता की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज अभिलाष एवं श्री मति अनिता चौधरी के संरक्षण में सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम में कक्षा 4 के शिक्षकों भावना, रीना एवं ओम , नितिन व संजय सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन शांति संदेश एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## सर्दी से बचाव हेतु शहर में निगम जलवा रहा 250 अलाव



वेलकम इंडिया

**सहारनपुर**। सर्दी से बचाव के लिए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा जहां महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब ढाई सौ अलाव जलाये जा रहे हैं वहीं स्थायी व अस्थाई चार रैन बसेरों में भी लोगों के रात्रि विश्राम के लिए व्यापक प्रबंध किये गए हैं। अब तक इन रैन बसेरों में 1280 लोग रात्रि विश्राम कर चुके है। इसके अलावा आर्थिक रुप से कमजोर व असहाय लोगों को दो हजार कंबल वितरण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सहायक नगरायुक्त (नगर निगम के अलाव व रैन बसेरा प्रभारी) जे पी यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा महानगर में अलाव हेतु करीब तीन हजार कुंतल सूखी लकड़ी की व्यवस्था की गयी है। जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाये गए तथा महानगर के महत्वपूर्ण स्थलों जैसे, रेलवे स्टेशन, घंटाघर, रोडवेज बस अड्डा, गंगोह बस अड्डा, कलक्ट्रेट तिराहा, हसनपुर चौक, नवाबगंज चौक, जिला चिकित्सालय, बेहट बस स्टैण्ड, मुसाफिरखाना, देहरादून रोड, जेल चुंगी, भारत माता चौक, नुमाईश कैंप सहित महानगर के करीब ढ़ाई सौ स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अलाव जलने की लखनऊ स्तर से निगरानी की जा रही है।

# मरहूमिन के परिवारों से मिले नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद यूं तो कोई किसी के गम को नहीं कम कर सकता लेकिन चंद्रशेखर आजाद ऐसे शख्स हैं की हर किसी के दुख सुख में सभी के साथ शामिल हो जाते हैं एक ऐसा दर्दनाक हादसा जो परिवार वालों को गमगीन कर गया सराय आलम निवासी कारी इकबाल तथा राहतपुर निवासी हाजी बाबू, एहतेशाम और कारी सलाहुद्दीन का एक दर्दनाक सड़क हादसे में इंतकाल हो गया। यह हादसा पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है इस दुखद मौके पर नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चंद्रशेखर आजाद मरहूमीन के परिजनों से मिले और गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया और कहा कि पार्टी और वे स्वयं इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया, जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार भीम आर्मी ज़िला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, फहीम एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद, पूर्व प्रधान साबू मकरानी, भागुवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल हई, ज़िला पंचायत सदस्य इस्तेखार, पूर्व प्रधान यूनुस शाहनवाज उर्फ नानू, राहतपुर के ग्राम प्रधान मुस्तुफा, पूर्व प्रधान माजिद सहित पार्टी व समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मरहूमीन के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और इस दुख की घड़ी में साथ निभाने का भरोसा दिलाया।

# डीएम ने विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद व धनघटा के विभिन्न बूथों का किया स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) की प्रगति एवं गुणवत्ता का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी द्वारा विधानसभा खलीलाबाद अंतर्गत बूथ सख्या 317 व 318, काशीराम आवास बूथ सख्या 402 व 403 तथा मॉडर्न स्कूल मेनसीर बूथ सख्या 472 एवं 473 का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति एवं यथार्थता का स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा धनघटा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाथनगर बूथ सख्या 472 व 473 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नाथनगर मुखलिसपुर बूथ संख्या 164, 165, 166 व 167 बूथों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ को निर्देशित किया गया कि संबंधित बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में अपराह्न 02.00 बजे के बाद घर-घर जाकर मतदाता सूची को पढ़कर सुनाएंगे/बताएंगे तथा छूटे हुए पात्र मतदाताओं को प्रपत्र-06 भरवाकर नियमानुसार बीएलओ एप पर डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा एसआईआर से संबंधित हो रहे फीडिंग सहित अन्य संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता/यथार्थतता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।

## 2 साल की मासूम की नाले में गिरकर हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**। नगर के मौहल्ला गंज सादात में एक दुखद घटना में 2 वर्षीय बच्ची जोया की खेलते समय खुले नाले में गिरने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। और मौहल्ले में शोक का माहौल बन गया। मौहल्ला वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है। शिकारपुर मौहल्ला गंज सादात में बुधवार दोपहर करीब 12:00 बजे एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया जहां घर के बाहर खेल रही 2 वर्षीय मासूम बच्ची जोया पुत्री नौशाद अचानक नाले में गिर गई जिसकी खोज बीन नगर के एक-एक मौहल्ले में की गई ।लेकिन पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरा ने घटना का खुलासा कर दिया और 2 वर्षीय मासूम नाले से मृत अवस्था में निकाली गई। हालांकि परिजनों ने उसे अस्पताल ले जाने का प्रयास किया लेकिन उसकी धड़कन तब-तक बंद हो चुकी थी। इस घटना ने पूरे परिवार की खुशियों को पल भर में छीन लिया और मौहल्ले में शोक का माहौल पैदा कर दिया।02 साल की मासूम जोया खेल खेलते समय घर के बाहर बने नाले में गिर गई ।बताया गया कि उस समय उसके परिवार के अन्य सदस्य अपने काम में व्यस्त थे। खेलते-खेलते जोया जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी लेकिन किसी को अंदाजा भी नहीं था जब मासूम दिखाई नहीं दी तो परिजन बेचैनी में उसकी तलाश करने लग गए। मौहल्ला वासियों ने बताया कि अगर जोया के नाले में गिरने की जानकारी समय से मिल जाती तो जोया की जिंदगी बच सकती थी।

# केशव प्रसाद राल्ही पी .जी . कॉलेज में 'अटल शताब्दी समारोह' का आयोजन



संदीप तिवारी वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर औराई स्थित केशव प्रसाद राल्ही पी.जी. कॉलेज में ₹अटल शताब्दी समारोह-2025₹ का गौरवपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अटल जी के ओजस्वी विचारों, उनके राष्ट्रप्रेम और ₹जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान₹ के संकल्प से परिचित कराना था।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि इं॰ बृजमोहन मिश्र (प्रबंधक, केशव प्रसाद राल्ही पी.जी. कॉलेज) द्वारा दीप प्रज्वलन एवं अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युगपुरुष थे, जिनका जीवन और दर्शन आने वाली कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**काव्य पाठः** छात्रों ने अटल जी की प्रसिद्ध कविताओं जैसे ₹कदम मिलाकर चलना होगा₹ और ₹हार नहीं मानूंगा₹ का सस्वर पाठ कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रस से सराबोर कर दिया।

**भाषण :**अटल जी का जीवन और पोखरण परमाणु परीक्षण₹ विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने में उनके अदम्य साहस और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की चर्चा की गई।

**नवाचारः** छात्रों ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नए विचारों को साझा कर ₹जय विज्ञान₹ के नारे को सार्थक किया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में 25 को होगा वार्षिक समारोह

**मथुरा/चौमुहां।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा में आगामी कल 25 दिसंबर को विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक ह्लमीराह्व कृष्णा की दीवानी थीम भव्य समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य सावन खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम भगवान श्रीकृष्ण और भक्त मीरा की भक्ति पर आधारित होगा, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थी नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश पांडेय, पुलिस उपमहानिरीक्षक डीआईजी, आगरा जोन होंगे। विशिष्ट अतिथियों में भम्मू रावत, श्रीमती नीतू बिष्ट, लखन रावत, दिनेश रघुवंशी, एस.पी. लाल (प्रो वाइस चेयरमैन, डीपीएस मथुरा) एवं अर्जुन रावत शामिल रहेंगे।

# भगवान की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाली कथा है श्रीमद्भागवत : डॉ. अशोक शास्त्री महाराज

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** गौशाला नगर स्थित गोलोक धाम आश्रम में गोलोक धाम पीठाधीश्वर स्वामी गोपाल शरण देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव में व्यासपीठ से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत प्रवक्ता डॉ. अशोक शास्त्री महाराज ने देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को अपनी मधुर वाणी के द्वारा वामन अवतार, बलि प्रसंग, गंगा अवतरण, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण कराई।

श्रद्धेय डॉ. अशोक शास्त्री महाराज ने श्रीमद्भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य में भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दर्शाया है। भगवान की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाली यह कथा सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुग्रह, मयार्दा, द्वैत-अद्वैत, निर्गुण-सगुण का ज्ञान प्रदान करती है।

वस्तुतः श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अक्षय भंडार है। इसीलिए इस ग्रंथ के श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पापों का क्षय हो जाता है और भगवान की भक्ति सहज में ही प्राप्त होती है।

उन्होंने भगवान के दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में ब्रज में अवतार लेकर पूरब से लेकर पश्चिम तक धर्म की स्थापना के लिए समस्त राक्षसों का उद्धार कर सभी जीवों को सुख प्रदान किया।

इस अवसर पर आयोजित नंदोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से सम्बंधित भजनों व बधाईयों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।साथ ही खेल-खिलौने,रुपए-कपड़े, मेवा-मिष्ठान्न और वस्त्रादि लुटाए गए।

इससे पूर्व यजमान परिवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ एवं व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर उनकी आरती की।

## सार संक्षेप

### खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में भिड़ी डीसीएम, दो घायल



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद ओवरब्रिज पर बुधवार की तड़के एयर लेने के करण खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में कोहरे के कारण प्रयागराज के तरफ से आ रही डीसीएम (ट्रक) पिछले हिस्से में जा भिड़ी जिससे डीसीएम के केबिन में फसकर चालक जिला ग्राम औरया निवासी सौरभ सिंह व परिचालक वीर सिंह केबिन में फसकर बुरी तरफ घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने क्रेन की मदद से डीसीएम के केबिन को चड़वाकर फसे चालक व परिचालक को बाहर निकलवाकर इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजकर भर्ती करवाया।वही हाईवे पर क्षतिग्रस्त डीसीएम को क्रेन की मदद से हटवाकर खजुरी चौकी पर पुलिस ने खड़ी करवाया दुर्घटना का कारण बनी ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने ले आई।डीसीएम में फार्च्यून लदा था जो दिल्ली से वाराणसी के तरफ जा रही थी वही एयर लेकर खड़ी ट्रक में लकड़ी लदा हुआ था।

### पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू के जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्णिया जिला के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का बुधवार 24 दिसंबर को उनके चाहने वालों ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया।बिहार और अन्य राज्यों में भी केक काटकर तो कही गरीब बेसहारा लोगों को कंबल वितरण किया गया दिल्ली में भी उनकी टीम ने दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल के बाहर उनकी टीम ने जरूरतमंद बेसहारा लोगों परिवारों को हजारों लोगो में खाना दिया गया ।पप्पू यादव गरीब बेसहारा लोगों के लिए मसीहा के रूप में जाना जाता है।देश के एक मात्र सांसद है जो अपने सरकारी आवास को सेवा आश्रम बनाया गया है जहां हमेशा सैकड़ों लोग रहते है ये वो है जो बिहार से आते है दिल्ली में इलाज के लिए जिसके पास दिल्ली में रहने का कोई आशियाना नहीं वो पप्पू यादव के सेवा आश्रम में उन्हें रहना खाना और इलाज की सुविधा दिया जाता है।सांसद पप्पू यादव के मीडिया हेड जैद, राहुल, मुनाजिर, प्रदीप, अन्य मौजूद थे।

### सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पहनते ही छात्रों के चेहरे खिल



**मथुरा/गोवर्धन।** विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मलसराय के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए छात्रों के लिए ऊनी कपड़ों का वितरण मुख्य रूप से घुमंतू समाज के छात्रों जो कि विधालय में अध्ययनरत हैं उनको कपड़े पहनते ही चेहरे खिल उठे। इस दौरान गर्म कपड़े वितरित करते हुए समाज की सेवा में कार्यरत संयोजक अशोक फौजदार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजय पाल सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि गरीब तबके के लोगों की सेवा करने में उनकी आत्मा को आनन्द की अनुभूति होती है।इस अवसर पर उपस्थित लोगों में घुमंतू समाज के संयोजक अशोक फौजदार, स्वयंसेवक संघ के अजय पाल सिंह फौजी, प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी, सत्यवान, मनोज कुमार यादव, गीता मैडम, आदि थे।

## सीसीटीवी कैमरे के हवाले केडी पुलिस चौकी फरियादियों की सुनने वाला कोई नहीं

वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और सूबे के मुखिया जहां जीरो टॉलरेंस और त्वरित पुलिस सहायता का दम भरते हैं, वहीं मथुरा पुलिस के कुछ कारिंदे उनके दावों को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।जनपद के एसएसपी जहां एक ओर अपराध नियंत्रण के लिए नई चौकियां खोलने और पुलिस की पहुंच जन-जन तक बनाने पर जोर दे रहे हैं, वहीं धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल उलट है।

ताजा मामला छाता कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर हाईवे स्थित केडी पुलिस चौकी का है। नेशनल हाईवे जैसे संवेदनशील और दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में स्थित यह चौकी वर्तमान में 'शोपीस' बनकर रह गई है। आलम यह है कि यहां पुलिसकर्मी तो दूर, सुरक्षा की दृष्टि से एक होमगार्ड तक तैनात नहीं मिलता। केवल सीसीटीवी के सहारे ही पुलिस चौकी चल रही है।

?आए दिन हाईवे पर 15 से 16 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।घायल और उनके परिजन मदद की आस में लहूलुहान हालत में चौकी पहुंचते हैं, लेकिन वहां उन्हें केवल सन्नाटा और खाली कुर्सियां ही मिलती हैं। घंटों इंतजार करने के बाद फरियादी थक-हारकर वहां से वापस लौट जाते हैं।

जब इस अव्यवस्था की पडताल करने पहुंचे एक स्थानीय पत्रकार ने चौकी की खाली स्थिति को लेकर चौकी इंचार्ज से संपर्क किया और वस्तुस्थिति जाननी चाही, तो जवाब देने के बजाय साहब आपे से बाहर हो गए। कर्तव्यबोध का परिचय देने के स्थान पर चौकी इंचार्ज ने पत्रकार को ही 'हड़का' दिया और अपनी कमियां छिपाने के लिए वर्दी का रौब झाड़ने लगे।जब जनता की सुरक्षा के लिए बनी चौकी ही खाली रहेगी और सवाल पूछने पर जिम्मेदार अधिकारी अभद्रता पर उतारू हो जाएंगे, तो आम आदमी न्याय की गुहार लगाने कहां जाएगा?

# नो हेल्मेट-नो फ्यूल" रणनीती को प्रदेश में पुन: लागू किये जाने के निर्देश

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि परिवहन आयुक्त उ०प्र०, लखनऊ द्वारा शीत ऋतु तथा प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के दृष्टिगत ₹नो हेल्मेट-नो फ्यूल₹ रणनीती को प्रदेश में पुनः लागू किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के आलोक में राजेश राजपूत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा जनपद के समस्त कार्यालयध्यक्षों से अनुरोध किया कि आपके कार्यालय में आने वाले समस्त अधिकारी / कर्मचारी को दो पहिया वाहन पर हेल्मेट तथा चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से पहनने के निर्देश दिये जाये तथा उक्त का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगायी जाये तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जाये।इसी



क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त पेट्रोल पंप संचालको/ धारकों को बिना हेल्मेट / सीटबेल्ट के ईंधन की ब्रिकी न करने के निर्देश दिये जाये तथा पंप पर स्थापित सी०सी०टी०वी कैमरों को चालू स्थिति में रखा जाये और उक्त आशय का बैनर पंप पर लगाया जाये।

## समग्र शिक्षा के तहत दिव्यांग छात्रों को सहायक उपकरण वितरण समारोह सफलता पूर्वक संपन्न

**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू मंगलवार उच्च प्राथमिक विद्यालय कमौना में समग्र शिक्षा के तत्वावधान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण शिविर समारोह का आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दिवा रानी पहासू एवं पूर्व विधायक मुंशीलाल गौतम उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार राज द्वारा किया गया इस मौके पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों का बुके देकर सम्मान किया गया तत्पश्चात विद्यालय छात्राओं ने सुंदर वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया इसके बाद सभी 186 दिव्यांग छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा सहायक उपकरण वितरण किए गए।

# जिम्मेदार नागरिक बन पत्रकार ने मिट्टी से भरा गड्ढा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बलदेव के गांव पटलौनी में एक खरंजा पर करीब तीन तीन फीट गड्ढे गहरे चौड़े गड्ढे में बाइक से जा रहे एक दंपत्ति शाम के समय गिर गए।जिनको ग्रामीणों ने उठाया जिनको मामूली चोट आई। तभी सूचना पर पहुंचे पत्रकार अतुल कुमार ने फावड़ा मंगा कर गड्ढे को भर दिया। ग्राम पटलौनी के अतुल कुमार ने बताया कि वह पत्रकारिता करते हैं और इस समय उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट उपज, मथुरा के जिलाध्यक्ष हैं।उनके पास एक ग्रामीण का फोन आया कि पिछले तीन साल से खरंजा में तीन फीट गहरा और चौड़ा गड्ढा है जिस पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं कई जगह शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है इस गड्ढे की वजह से शादी में जा रहे दंपत्ति के साथ दुर्घटना हो गई किस्मत से कोई ज्यादा चोट उनको नहीं आई।

एक ग्रामीण ने पत्रकार से उस गड्ढे का समाचार प्रकाशन के माध्यम से जिम्मेदार लोगों का ध्यान आकर्षित करने को कहा जिस पर पत्रकार अतुल कुमार ने गड्ढे के प्रकाशन के बजाय खुद फावड़ा लाकर मिट्टी से उस गड्ढे को भर दिया।इस घटना के बाद एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाने के लिए गांव के पूर्व प्रधान मोहन सिंह चौधरी, प्रहलाद सिंह, विशेष गौतम, प्रशांत गौतम एवं उपज पत्रकार संगठन ने हर्ष व्यक्त किया।

## तेज रफ्तार का कहर:

# कार की टक्कर से अधेड़ की मौत , तीन घायल

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** मेरठ-गढ़ रोड स्थित कस्बा किठौर में तेज रफ्तार कार और दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर तक यातायात बाधित रहा।

मृतक की पहचान गुलजार (50) पुत्र इमामुद्दीन, निवासी चमन कॉलोनी लिसाड़ीगेट मेरठ के रूप में हुई है। वह अपने बेटे गुलफाम पुत्र गुलजार के साथ ग्राम बोन्द्रा में रिश्तेदार की मौत में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे।


इसी दौरान गढ़मुक्तेश्वर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दो बाइकों से टकरा गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भिजवाया। हालत गंभीर होने पर गुलजार और उनके बेटे को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान गुलजार की मौत हो गई।अन्य घायलों में मोहम्मद सालिम पुत्र मुनकाद अली, निवासी मौसमखानी किठौर, इमरान पुत्र खालिद, निवासी सलातीन किठौर तथा गुलफाम पुत्र गुलजार शामिल हैं।

पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही बताया जा रहा है।

## बाजार में बिछड़ी पांच वर्षीय बच्ची इकरा पुलिस की तत्परता से परिजनों से मिली

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को कस्बा खीरी के बाजार में गुमशुदा हुई करीब पांच वर्षीय बच्ची इकरा को खीरी पुलिस ने सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।जानकारी के अनुसार मोहल्ला सय्यदबाड़ा निवासी इकरा अपनी माता नूर सबा और भाई के साथ खरीदारी के लिए बाजार आई थी।इसी दौरान भीड़-भाड़ में बच्ची परिजनों से बिछड़ गई।बच्ची को लावारिस हालत में रोते देख स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही खीरी पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। इसके बाद बच्ची से पूछताछ कर तथा आसपास के इलाकों में तलाश अभियान चलाकर उसके माता-पिता की खोज शुरू की गई।पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के चलते करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची के परिजनों का सुराग लग गया। आवश्यक पहचान और तस्दीक के बाद बच्ची इकरा को उसकी माता नूर सबा के सुपुर्द कर दिया गया।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नवागत भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदर्श कठायत के भाजपा जिला कार्यालय में भव्य स्वागत कार्यक्रम हुआ।जिले के वरिष्ठ भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओ ने नवागत भाजयुमो जिलाध्यक्ष के स्वागत को लेकर नगर में भव्य जुलूस निकाला।नगर में पहुंचने पर भाजयुमो कार्यक्रताओं, भाजपा कार्यकताओं ने भव्य रूप से माल्यार्पण कर नवागत भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदर्श कठायत भव्य स्वागत किया।नवावत जिलाध्यक्ष के स्वागत हेतु नगर में भाजयुमो और भाजपा कार्यकताओं ने भव्य बाइक रैली निकाली।जहां भाजपा कार्यालय में रैली का समापन हुआ।जिसके बाद भाजपा कार्यालय में भाजयुमो नेताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।साथ हीआतिशबाजी कर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य बाइक रैली निकाली गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, बागेश्वर विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार ने भी भाजयुमो जिलाध्यक्ष का स्वागत किया।इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने सभी भाजपा कार्यकताओं का आभार जताते हुए सँगठन में मिले अहम दायित्व पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए सँगठन की मजबूती के लिए कार्य करना अपनी प्राथमिकता बताया।कहा कि सँगठन में व्यक्तिवादिता के स्थान पर सँगठन हित के लिए कार्य करने वाले कार्यकताओं को प्रमुख पदों पर जिम्मेदारी दी जाएगी।साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष और प्रदेश सँगठन द्वारा समय समय पर मिलने वाले कार्य औ?सँगठन की मजबूती के लिए निरन्तर प्रयास किया जाएगा।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विधायक के अलावा वरिस्ठ भाजपा नेता खड़क सिंह टँगड़िया,निवर्तमान जिलाध्यक्ष दीपक घस्याल,,पूर्व भाजपा जिला महामंत्री एड राजेन्द्र परिहार,भाजपा जिला मंत्री मनोज ओली, युवा नेता भाष्कर दास, बलवंत टँगड़िया, मनोज बचखेती, अंकित नगरकोटी, प्रकाश साह, खड़क दफौटी,रवि करायत, दीपक कठायत,योगेश सनवाल,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गरुड़ बीडीसी की प्रथम बैठक, सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गरुड़,दिनेश नेगी।** गरुड़ विकास खण्ड की प्रथम बीडीसी बैठक विकासखण्ड सभागार में परस्पर समन्वय के आधार पर शांति पूर्वक सम्पन्न हुई।ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम बीडीसी बैठक में विभिन्न क्षेपं सदस्यों, ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने अपने गांव के विकास के मुद्दों को लेकर बैठक में अपनी मांगे रखी।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या, विधायक पार्वती दास प्रतिभाग किया।

ब्लॉक प्रमुख अध्यक्ष किशन सिंह बोरा की अध्यक्षता में आयोजित बीडीसी की प्रथम खुली बैठक में गाँवो में जंगली जानवरों,आवारा पशुओं, बंदरों,आदि के आतंक से निजात दिलाने, सड़क, पानी, बिजली, पशु केंद्रों, डेयरी आदि समस्याए छाई रही।बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य कनस्यारी पूजा नेगी ने जंगली जानवरों, आवारा पशुओं, बंदरों की समस्या को रखा।ग्राम प्रधान मटेना मंजू जोशी ने मटेना जिनखोला मोटर मार्ग की बदहाली, बंदरों की समस्या से निजात,ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष त्रिलोक बुटोला ने नौगांव क्षेत्र और अमस्यारी इंटर कॉलेज में झाड़ी कटान, सड़क, निर्माण की मांग रखी। क्षेत्र पंचायत सदस्य तैलीहाट दयाल काला ने पहाड़ की भौगोलिक स्थिति के अनुसार कृषि विभाग, उद्यान विभाग से योजनाएं देने,आगर मरतोली ग्राम प्रधान कैलाश परिहार ने किसानों को पॉलीहाउस का लाभ नहीं मिलने,ग्रामीणों को उचित सब्सिटी पर पॉलीहाउस दिए जाने ग्राम प्रधान घेटी अशोक वर्धन ने डेयरी विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने, पशु केन्द्र हरिनगरी घेटी को नियमित खोले जाने जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहनी ने वन विभाग से झाड़ी कटान, सामुहिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में आयुष्मान कार्ड बनवाने, सड़को की स्थिति सुधारने की बात कही।साथ ही सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से जनप्रतिनधियो की मांग को गम्भीरता से लेने, साथ ही अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

जनप्रतिनिधियो ने जिला प्रशासन से गांवों के विकास के लिए जिम्मेदारी होने तथा अधिकारियों से विकास के मुद्दों में पर्याप्त सहयोग देने की मांग की।बैठक में राज्य दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने सभी अधिकारियों से आम जनता के कार्यों को समय पर करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभसमय से आमजन को दिलाने की बात कही।

विधायक पार्वती दास ने कहा कि सरकार जन जन तक योजनाओं को पहुंचा रही है।जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों में भरपूर सहयोग देने की बात कही।जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने कहा कि ट्रिपल इंजल की सरकार में राज्य और केन्द्र की योजनाओं का लाभ आम जनता को सीधे मिल रहा है। हम सभी मिलकर बागेश्वर जिले का विकास कर रहे हैं।ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा ने सभी ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की बात कही।

## उत्तराखंड के गांधी इंद्रमणि बडोनी को डीएम ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रखर नेता एवं ह्यउत्तराखंड के गांधी के नाम से विख्यात स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वर्गीय बडोनी का संपूर्ण जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा को समर्पित रहा।उन्होंने उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन को दिशा देने के साथ जनसामान्य को एकजुट कर उसे सशक्त बनाया, जो आज भी प्रेरणास्त्रोत है।अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने कहा कि इंद्रमणि बडोनी के विचार और सिद्धांत समाज व प्रशासन दोनों के लिए मार्गदर्शक हैं।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन उनके आदर्शों के अनुरूप जनकल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# झटका मशीन के करंट से जल रहे बंदर, भोजन-भंडारों की भरमार वाले ब्रज में क्रूरता का शिकार हो रहे

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** ब्रजभूमि में पशुओं के साथ क्रूरता ने हदें पार कर दी हैं। बंदरों के रहने को जंगल तो बचे नहीं अब झटका मशीन से चिपक कर बंदर घायल हो रहे हैं।



वृन्दावन की गौरा नगर कालोनी में एक झटका मशीन से जला बंदर बुरी तरह से जलकर कयी दिन से घूम रहा है ?। जानकारों की मानें तो लोगों को हर दिन निशुल्क खाना खिलाने का काम करने वाले वाले एक आश्रम की बाउंड्री पर लगी इलेक्ट्रिक फेंसिंग से चिपक कर बंदर का हाथ जल गया है। बंदरों की संख्या नियंत्रण के सभी अनुसंधान फेल हो चुके हैं। गोशालाओं की संख्या भी यहां सैकड़ों में है लेकिन बंदरों का न कोई आसरा है न ठौर- ठिकाना है।नगर निगम ने कुत्तों के फीडिंग सेंटर बना दिए हैं। गौशालाओं की तर्ज.पर सांड शाला भी खुल गई हैं।

कुछ धर्मावलंबी जरूर बंदरों की क्षुधा पूर्ति को केले कभी गाजर आदि डाल देते हैं। भूख से बेहाल बंदर कहीं बाजार से आते बच्चे से थैली झपटते हैं तो कहीं परदेशियों के चश्मे उतार कर उन्हें फ्रूटी पिलाने को ब्लैकमैल करते हैं। धर्मार्थ ट्रस्ट और चैरिटी की भरमार के बाद भी बंदर ब्रज में परेशान हैं। गोवर्धन और वृंदावन जैसी जगहों पर परिक्रमा मार्ग में जाकर वह अपनी उदर पूर्ति कर लेते हैं लेकिन बाकी खाली दिनों में उनकी उदर पूर्ति कैसे हो। जब उन्हें खाना नहीं मिलता तो वह आक्रामक हो जाते हैं। बंदरों के मामले में एक जगह से दूसरी जगह छोड़ने का उपक्रम भी बेकार साबित होता है। बंदर जहां भी जाते हैं पेट भरने और अपनी आदत के अनुरूप उत्पात मचाते ही हैं। उन्हें पकड़वाकर लोग खुद तो राहत पाते हैं लेकिन दूसरों के लिए समस्या पैदा कर देते हैं। उन्हें जहां छोड़ा जाता है वहां की नजदीकी बस्तियों में पहुंचकर वह झपट्टा मार तरकीब से ही जीवित रह पाते हैं ?। कुत्तों को रोटी डालना गांवों में अभी आदत में है लेकिन बंदर को देखते ही दुत्कारना और डंडे से डराना आम व्यवहार है। जिला गंगा समिति सदस्य दिलीप कुमार यादव ने जब घायल बंदर के उपचार के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता की तो पता चला कि बंदरों को पकड़ने का काम स्थानीय इकाई के जिम्मे है। स्वास्थ्य संबंधी काम पशु चिकित्सा विभाग देखता है। वन विभाग का वनों में रहने वाले बंदरों से कोई सम्बन्ध नहीं है।

जिला वन अधिकारी वेंकटा श्रीकर पटेल( आईएफएस ) ने कहा कि वह आगामी मीटिंग में सभी विभागों से कोआर्डिनेट कर विचार करेंगे कि बंदरों की समस्या व बंदरों से उत्पन्न जन समस्या को लेकर क्या किया जा सकता है।

## सार संक्षेप

### दो दिवसीय मीना मंच कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र सिंभावली में समापन



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के सिम्भावली में बालिका सशक्तिकरण सुरक्षा एवं स्वावलंबन को प्रोत्साहित करता हुआ दो दिवसीय मीना मंच कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र सिंभावली पर खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता जी के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण में 58 मीना मंच सुगमकताओं ने प्रतिभाग किया। संदर्भ दाता कविता सिंह एवं मोनिका अग्रवाल द्वारा सभी प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गतमीना मंच के उद्देश्य, लिंग रूढ़िवादिता तथा बालिका शिक्षाव अधिकारों के विषय में बताया गया। मीना मंच कार्यक्रम को संचालित करने में सहायक अरमान माड्यूल, प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिक बुक एवं वीरांगना पोर्टल पर प्रकाश डाला गया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पूजा सैनी द्वारा चल रहे प्रशिक्षण में विशेष दिशा निर्देश दिए गए एवं खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता के द्वारा सेल्फ एस्टीम ऑनलाइन प्रशिक्षण का महत्व बताया गया तथा टूल 10 को अनिवार्य रूप से भरने के निर्देश दिए गए।

### 16 वें दीक्षांत समारोह में हापुड़ की छात्रा ने एनआईटी में मिला कांस्य पदक

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के नगर की शिक्षिका व अधिवक्ता की मेधावी बेटी ने हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर स्थित राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान में बीटेक में गणित व कम्प्यूटर साइस में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त कर हापुड़ का नाम रोशन किया। केन्द्रीय मंत्री ने उन्हें पदक पहनाकर सम्मानित किया। जिससे लोगों ने उन्हें बंधाई दी।हापुड़ की शिवपुरी निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता संजय अग्रवाल व शिक्षिका डॉ.सीमा अग्रवाल की बेटी खुशी अग्रवाल ने हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की बीटेक छात्रा खुशी ने गणित व कम्प्यूटर साइस की ब्रांच में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।संस्थान के दीक्षांत समारोह में खुशी को केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रमाण पत्र व कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। जिससे लोगों ने उन्हें बंधाई दी।

### बुंदेलखंड कॉलेज झांसी मे कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया



**झांसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी में आज भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री कवि हृदय श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पं. मदन मोहन मालवीय जी के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर प्राचार्य प्रो. एस.के. राय की अध्यक्षता में कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी महोबा, वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता श्री संजीव श्रृंगीऋषि रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में दोनों महानपुरूषों के जीवन-चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए युवाओं से सनातन संस्कृति व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु आह्वान किया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से युवाओं को रूबरू कराते हुए उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का अनुरोध किया। कवि गोष्ठी में नगर के प्रसिद्ध कवियों पंकज अभिराज, हिमांशु चौधरी हर्ष एवं राम बिहारी सोनी तुक्कड़ जी ने व्यंग्य, ओज एवं लालित्यपूर्ण तथा राष्ट्रप्रेम से सम्बन्धित रचनाएँ प्रस्तुत कर आयोजन में चार चाँद लगा दिया। प्रो. नवेन्द्र सिंह ने अपनी ओजपूर्ण कविता प्रस्तुत की।

# अटल बिहारी वाजपेई की जयंती की पर अटल गौरव पार्क में भाजपाइयों ने की प्रतिमा की साफ-सफाई, दीप प्रज्वलन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा अटल गौरव पार्क में उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई कर दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष श्रीमती कविता माद्रे के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ विनीत शारदा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी का सौवां जन्म दिवस कल मनाया जाएगा। उसकी पूर्व संध्या पर आज सभी भाजपा कार्यकर्ता एकत्र होकर उन्हें नमन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ऐसे राजनेता थे जिन्हें पक्ष और विपक्ष दोनों समान रूप से सम्मान देते थे। विपक्ष में रहते हुए भी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश भेजा था।विनीत शारदा ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस वैभव को प्राप्त कर रही है, उसकी नींव पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने ही रखी थी।

उन्होंने यह भी कहा था कि भाजपा सत्ता के लिए नहीं, सेवा के लिए है।कार्यक्रम में जिला महामंत्री मोहन सिंह, राजीव सिरोही, उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, कोषाध्यक्ष कपिल एस.एम., पायल गुप्ता, छवि दीक्षित, संध्या शर्मा, मुनेश त्यागी, अशोक बबली, विनोद गुप्ता, कुणाल चौधरी, राहुल उपाध्याय, नितिन पाराशर, मनोज तोमर, सुनील वर्मा, अमित शर्मा, सतीश सिंहाल, महिपाल सिंह, संजय शर्मा, दीपक भाटी, अनिरुद्ध कस्तला, राजीव शर्मा, दर्शन सिंह, दीपांशु गुप्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू (किसान राज) ने स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन (किसान राज) संगठन ने 1 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले संगठन के तीसरे स्थापना दिवस एवं रागनी कार्यक्रम को लेकर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

इस संबंध में संगठन की ओर से पुलिस अधीक्षक हापुड़ एवं एसडीएम हापुड़ सदर को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. यतेंद्र शर्मा ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को होने वाले इस कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों के साथ-साथ अन्य जिलों व राज्यों से भी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में शामिल होंगे।

कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए हर वर्ष की तरह इस बार भी पुलिस सुरक्षा की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अब तक हापुड़ पुलिस प्रशासन का संगठन को हर वर्ष सहयोग मिलता रहा है और उम्मीद है कि इस बार भी प्रशासन सहयोग करेगा।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष हापुड़ साहिब, युवा जिलाध्यक्ष मजदूर मोर्चा सोनू सैनी, रजनीबाला, अनीता देवी, नीरज तोमर, विवेक, अक्षय, राहुल त्यागी, मुजफ्फर, खालिद, शैलेंद्र मिश्रा, मुन्ना, नफीस, हारुन सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्याधाम द्वारा देश भर से पधारे कवियों ने अद्भुद प्रस्तुति से मंच को सराबोर किया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा में श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्याधाम के तत्वावधान में एक भव्य एवं गरिमामय ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े प्रतिष्ठित कवि-कवयित्रियों ने सहभागिता कर साहित्यिक वातावरण को ऊजार्वान बनाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार अशोक गोयल ह्यचक्रवर्तीह्ण ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में कवयित्री बीना गोयल उपस्थित रहीं।

सम्मेलन का संचालन वृंदा वाणी द्वारा किया गया। प्रथम सत्र का संचालन सुजीत कुमार पांडेय ने तथा द्वितीय सत्र का संचालन प्रेरणा तलवार ने किया।कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों में अंजना कुमारी केशरी मंजू,आत्म प्रकाश कुमार, रेखा शंखवार ह्यस्मृति,अवधेश कुमार श्रीवास्तव, राम सजीवन भास्कर भास्कर, राम किशोर पाठक, रियाज खान गौहर,मनीषा नाड़गौडा, रीता गुगलानी, डॉ. लखविंदर कौर जस्सल, सतीश गौतम, चंद्रकला शर्मा,शशिकला पांडेय डॉ. सुप्रीति चावला, वीरेंद्र पाठक,मनोज मंजुल,सरिता श्रीवास्तव, अरविंद कुमार ह्यअनोखेह्ण,प्रेरणा तलवार (संचालक) एवं सुजीत कुमार पांडेय (संचालक)सहित सभी रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं।

# मेट्रो पब्लिक स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** बुधवार को मेट्रो पब्लिक स्कूल शताब्दी नगर मेरठ में विज्ञान प्रदर्शनी व नव वर्ष कार्निवल का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा तीन से कक्षा दस तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान के सिद्धान्तों से जुड़े मॉडल तैयार किए।इस मौके पर विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था।

अभिभावकों के लिए विभिन्न खेलों व खानपान की भी व्यवस्था की गई थी स्कूल में आए अभिभावकों ने उन सभी कक्षा के विद्यार्थियों के प्रारूपों की सराहना की जिन बच्चों ने जल संरक्षण, विभिन्न ऋतुओं, अंतरिक्ष, स्वस्थ और मशीनों के बारे में मॉडल पेश किए साथ ही उन्होंने बच्चों को सुभाषित प्रदान किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक प्रमोद दीक्षित व प्रधानाचार्या रीता दीक्षित, कोर्डिनेटर मीनाक्षी खुराना ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाकी प्रदर्शनी में आए मुख्य अतिथि डॉ0 कपिल अग्रवाल, संजीव गुप्ता , रामवीर सिंह , प्रहलाद सिंह त्यागी, भूषण कुमार ,ने सभी कक्षा के विद्यार्थियों को शुभाशीष दिया साथ ही उन्होंने अध्यापिकाओं और अभिभावकों के मार्गदर्शन की सराहना की।

# पीएए अवॉर्ड शो लखनऊ में मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा सहित एक साथ दिखाई दिए कई सितारे

वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आयोजित भव्य यूपीएए अवॉर्ड शो के दौरान फिल्म और ग्लैमर जगत की कई जानी-मानी हस्तियों का शानदार संगम देखने को मिला।इस खास मौके पर 90 के दशक की सुपरहिट फिल्मों ह्लटार्जनह्व और ह्लवीरानाह्व के मशहूर अभिनेता हेमंत बिरजे जी, बॉलीवुड फिल्म ह्लखुदा गवाहह्व के लोकप्रिय अभिनेता अली खान जी, सहित कई नामचीन सेलिब्रिटी, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इसी दौरान वाराणसी से मिसेज एशिया की विजेता विजयता सचदेवा ने सम्मान समारोह के बाद इन फिल्मी हस्तियों से आत्मीय मुलाकात की। यह मुलाकात बेहद सौहार्दपूर्ण और यादगार रही, जहाँ कला, संस्कृति और समाज में सकारात्मक योगदान जैसे विषयों पर बातचीत हुई।

विजयता सचदेवा ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे मंच न केवल प्रतिभाओं को सम्मान देते हैं, बल्कि नए विचारों और प्रेरणाओं का भी आदान-प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद सभी हस्तियों ने यूपीएए अवॉर्ड शो की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

यह मुलाकात न केवल ग्लैमर की चमक बिखेरती दिखी, बल्कि भारतीय कला, सिनेमा और सामाजिक योगदान के मजबूत जुड़ाव को भी दशार्ती है। सम्मान के मंच पर जब सिनेमा, संस्कृति और सौहार्द मिलते हैं, तो यादगार पल जन्म लेते हैं।

यूपीएए अवॉर्ड शो, लखनऊ में हेमंत बिरजे जी, अली खान जी एवं अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों से हुई यह मुलाकात मेरे लिए प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रही।

ऐसे मंच प्रतिभा को पहचान देने के साथ-साथ नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करते हैं।

# गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की बात आशुतोष शर्मा के साथ अभियान के अंतर्गत 5000 छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के समाजवादी पार्टी के नेता और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से दावेदार आशुतोष शर्मा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की बात आशुतोष शर्मा के साथ अभियान का शुभारंभ नए साल से करने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत 5000 छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार हम काम करते हैं और अभी 19 दिसंबर को शिक्षा सम्मेलन किया गया था जिसमें 500 से अधिक प्रतिभाओं को शिक्षा सम्मेलन के मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया है अब इसी कड़ी में आगे 40 इंटर कॉलेज के 5000 छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित करने का कार्यक्रम और छात्र संवाद कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है।आशुतोष शर्मा के द्वारा बताया अलग-अलग विद्यालयों में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मान देने का कार्य और युवा नेतृत्व को आगे लाने का कार्य गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में नए साल से शुरूआत होने जा रहा है ।आशुतोष शर्मा ने बताया पहले चरण में गढ़ ब्लॉक के इंटर कॉलेज में छात्र संवाद कार्यक्रम चलाया जाएगा उसके बाद सिंभावली ब्लॉक में छात्र संवाद कार्यक्रम चलाया जाएगा और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के 125 ग्राम पंचायत के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का कार्य और हौसला बढ़ाने का कार्य किया जाएगा

समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया हमारा लगातार प्रयास रहता है गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा का प्रत्येक बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और बेहतर रोजगार पाए अपने गांव और समाज का नाम रोशन करें ।गढ़ गंगा विश्वविद्यालय को लेकर आशुतोष शर्मा लगातार शिक्षा जगत के लोगों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं और 23 जनवरी को गढ़मुक्तेश्वर में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा निकाली जाएगी।

# पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार मां ,बेटा घायल





वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर बाइक सवार मां,बेटे को पिकअप गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। पिकअप गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया और बाइक सवार मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ अस्पताल रेफर किया है। मेरठ जनपद के गांव खनोदा निवासी मनीष पुत्र राजन अपनी मां रामेश्वरी वह भाई मोनू के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे में एक निजी डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए आ रहे थे।

मनीष ने बताया कि उसके भाई मोनू की दिमागी हालत ठीक नहीं है। जिसकी वह दवाई लेने के लिए बाइक पर सवार होकर आए थे। बाइक सवार जैसे ही कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंचे तो शामली की ओर से आए पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक में टक्कर मार दी।

गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया है। और घायल बाइक सवार मनीष को छुट्टी दे दी। दूसरी ओर मोहल्ला खेल निवासी दानिश कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड स्थित अपनी दुकान से सामान लेने के लिए गया था जहां पर अज्ञात गाड़ी सवार ने टक्कर मार दी हादसे में दानिश घायल हो गया। आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।खबर लिखें जाने तक पुलिस को कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# मौसम के उतार-चढ़ाव से बढ़ी बीमारियां, सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर के सरकारी अस्पताल में बुधवार को मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। बीते कई दिनों से लगातार मौसम में हो रहे बदला, कभी तेज धूप तो कभी ठंड और कोहरे, के कारण मौसमी बीमारियों में इजाफा हुआ है। सर्दी-जुकाम, बुखार, खांसी, वायरल संक्रमण सहित अन्य रोगों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।बुधवार को अस्पताल में एचआरपी डे ,हाई रिस्क प्रेग्नेंसी डे, के तहत गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर अपनी नियमित जांच कराई। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक दवाइयां व परामर्श दिया गया। इसके साथ ही अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों ने भी अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज कराया। सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सभी मरीजों का उपचार किया। इस दौरान डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि, मौसम में लगातार बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लोगों को चाहिए कि वह मौसम के अनुसार कपड़े पहनें, ठंड से बचाव करें, साफ पानी पिएं और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में आकर जांच कराएं।

# सालाना जलसे को लेकर सीओ ओर थाना प्रभारी ने किया मदरसे का दौरा



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के मदरसा जामिया बदरुल उलूम में होने वाले सालाना जलसे को लेकर सीओ कैराना ने थाना प्रभारी निरीक्षक ने मदरसे में पहुंचकर उलेमाओं से जानकारी हासिल की। इस दौरान मदरसे के स्टाफ सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

क्षेत्र के गांव गली दौलत में मदरसा जामिया बदरुल उलूम स्थित है। मदरसे में आस पास के जनपदों सहित क्षेत्र के सैकड़ो छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। मदरसे में 31 दिसंबर को सालाना जलसे का आयोजन किया जाएगा। जलसे में हजरत मौलाना महमूद मदनी सहित सैकड़ो उलेमा-ए-इकराम के शिरकत करने के साथ-साथ ही हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होते हैं। बुधवार को सालाना जलसे को लेकर सीओ कैराना हेमंत कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मदरसा जामिया बदरुल उलूम पहुंचकर हजरत मौलाना आकिल साहब से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने हजरत मौलाना आकिल साहब से सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अन्य जानकारी हासिल की। हजरत मौलाना आकिल साहब ने जानकारी देते हुए बताया कि जलसे में हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। जलसे में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आती है। जलसे में कुरान हिफ्ज करने वाले छात्र-छात्राओं की दस्तार बंदी की जाती है साथ ही देश में अमनों अमान के लिए दुआ होती है। इस दौरान मदरसे के स्टाफ से ही ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर 20बेड का अस्पताल स्थापित करने की मांग



**संतकबीरनगर।** नगरपंचायत मगहर में 20बेड के अस्पताल स्थापित करने की मांग को लेकर नगर की पूर्व चेयरमैन/भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य संगीता बर्मा ने बुधवार को लखनऊ में स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मिलकर एक पत्र सौंपा ।पत्र में लिखा गया कि मगहर विश्व प्रसिद्ध कबीर की स्थली है ।जिसकी कुल आबादी लगभग 50हजार है ।जहां कोई अस्पताल न होने के कारण नगर ही नहीं आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़रहा है। आगे लिखा कि नगर व आसपास के क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुये नगर में 20बेड का अस्पताल स्थापित कराया जाना अति आवश्यक है ।ऐसे में अस्पताल स्थापित होने से लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने मंत्री जी से 20बेड का अस्पताल स्थापित करने की मांग की है।

## घर के बाहर शराब पी रहे दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में शराब पीकर घर के बाहर उत्पात मचा रहे युवकों का विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर एक महिला और उसके पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी दिनेश ने बताया कि गांव के ही चार लोग पीड़ित के घर के बाहर खड़े होकर शराब पी रहे थे और उत्पात मचा रहे थे।

आरोप है कि जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी तमंचे व डंडे लेकर पीड़ित के घर में घुस गए और उसकी पत्नी गुड्डी व पुत्र सन्नी के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में दोनों मां, बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। शौर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घायलअपनी पत्नी व पुत्र को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है। और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## विद्युत विभाग के अधिकरी कार्यालय से गायब उपभोक्ता बिल जमा करने को लेकर परेशान





वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बहेड़ी नगर क्षेत्र में बुधवार को भी विद्युत उपखंड कार्यालय पंजाबी कॉलोनी पर बहेड़ी कस्बे के अवर अभियंता और एसडीओ (विद्युत) नदारद रहे। अपने कार्यालय पर बुधवार को दोपहर 12 बजे तक गायब इन अधिकारियों की वजह से बिजली बिल बकाएदार अपने बिल जमा करने को लेकर कार्यालय पर चक्कर काटते देखे गए।

एसडीओ और अवर अभियंता से अपने बिल की जानकारी और समस्या समाधान कराने के लिए आए लोग वापस वापस हुए। और दोनो ही अधिकारियों को खोजते हुए उपभोक्ता नजर आए। मोहल्ला शाहगढ़ के वीरेंद्र मौर्य अपना बकाया बिल जमा करने के लिए पहले अवर अभियंता के कार्यालय गए जिसमें उनकी कुर्सी तक अव्यवस्थित रूप से खाली पड़ी थी और अवर अभियंता गायब थे। फि र वीरेंद्र मौर्य एसडीओ विद्युत के कार्यालय गए जहां पर वो भी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। जिससे वीरेंद्र बिना बिल जमा किए बापस लौट गए। लोगों का आरोप है कि बकाया भुगतान कैंप में जब अधिकारी नहीं मिलेंगे तो हम जानकरी कैसे प्राप्त करें। और बिल बिना जानकारी के कैसे जमा करें। जबकि इस सर्द मौसम में भी उपभोक्ता बड़ी संख्या में बिल जमा करने आ रहे हैं। दर्जनों लोग अधिकरियों के कार्यालयों में न मिलने से वापस घर लौटने को मजबूर हो रहे हैं।

## स्कूल से घर लौट रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़, एक गिरफ्तार

**कांधला।** स्कूल से छुट्टी के बाद साइकिलों पर सवार होकर घर लौट रही कई छात्राओं के साथ आधा दर्जन से अधिक युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। छात्राओं के शोर मचाने पर खेतों पर कार्य कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और मौके से एक युवक को बाइक सहित पकड़ लिया, जबकि कुछ युवक मौके से फरार हो गए। किसानों ने युवक को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित छात्रा के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आधा दर्जन से अधिक छात्रा गांव गंगेरू के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करती है। मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद सभी छात्राएं अपनी अपनी साइकिलों पर सवार होकर अपने गांव लौट रही थी।

## न्याय पंचायत बाघनगर में शिक्षक संकुल बैठक हुई संपन्न



**संतकबीरनगर।** माह दिसंबर 2025 की न्याय पंचायत बाघ नगर की शिक्षक संकुल की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय सेहुंडा में संपन्न हुई आदर्श ग्राम पंचायत सेहुंडा के ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने बैठक को संबोधित किया तथा निपुण विद्यालय होने पर विशेष बल दिया बैठक में अन्य विषयों यथा संदर्शिका का प्रयोग शिक्षक डायरी निपुण आकलन आदि पर प्रतिभागियों ने विशेष चर्चा की तथा न्याय पंचायत के विद्यालयों में हो रही बेस्ट प्रैक्टिसेज को पेश किया गया बैठक में अब्दुर्रहीम जलालुद्दीन अंसारी असरारुल हक अंसारी जुबेर अहमद सौरभ कुमार सिंहा अब्दुल कलाम बदरुल हक अंसारी मेहनाज अख्तर पार्वती गुप्ता जुनैद अहमद साबेरा खातून हिना तरन्नुम शैलेंद्र कुमार गुप्ता आरफा खान आदि ने प्रतिभाग किया।

## साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्र/छात्राओं को किया गया जागरूक



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में साइबर क्राइम थाना प्रभारी जय प्रकाश चौबे व थानाध्यक्ष मेहदावल सुरेन्द्र कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए छात्र/छत्राओं को सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की, उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग एवं फर्जी लिंक के माध्यम से अपराधी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। कोई भी व्यक्ति अपना ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक विवरण या व्यक्तिगत जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करे। किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर तुरंत विश्वास न करें तथा बिना जांच-पड़ताल के किसी लिंक को क्लिक न करें।

महिला आरक्षी अमरीता सिंह ने बताया कि साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इस दौरान उ0नि0 रमेश यादव सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजुद रहे ।

## एआईएमआईएम के खीरी नगर अध्यक्ष पूर्व सभासद मो. वकील बने



वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी।** एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष नसीम खान ने कस्बा खीरी के संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए नगर पंचायत के पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर उनके साथ दो दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त से न केवल पार्टी कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है बल्कि क्षेत्र की राजनीति हलचल तेज हो गई है। पूर्व सभासद मो0 वकील खीरी की सियासत में अहम किरदार रखते है। पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से एआईएम आईएम में उत्साह दिखाई दे रहा है।

इस मौके पर एआईएम के जिला अध्यक्ष नसीम खान, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष मो आसिफ उर्फ आशु ने उन्हें पार्टी के हक में सक्रियता के साथ काम करने के निर्देश देते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्दी संगठन का विस्तार करके पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे।

इस दौरान यूथ के जिला महामंत्री सैयद आलीशान जैदी, जिला कोष अध्यक्ष, अरशद आरफी, सिंगाही नगर अध्यक्ष अब्दुल रहमान अंसारी, मोहम्मद मोनिस फारूकी, रिजवान अहमद मंसूरी, सफी अहमद, चांद बाबू, अशफाक खान, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद शफी, मुश्ताक अली, मोहम्मद मोईद, आफताब आलम उर्फ छोटू, डॉक्टर एहराज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## अब्दुल रहीम अंसारी प्रजा राज्य पार्टी के खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष मनोनीत



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयराम गौतम के सहमती से जिला प्रभारी अफताब अंसारी ने अब्दुल रहीम अंसारी को प्रजा राज्य पार्टी का खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया है। उक्त मनोनयन पर राप्रपा अध्यक्ष मेहदावल विधान सभा के लोकप्रिय युवा नेता तनवीर अहमद सनी, महिला प्रभारी प्रियंका निषाद, सुश्री रिमशा पुर्वांचल अध्यक्ष नवाज शेरवानी, श्रीराम कसेरा, मौलाना मुदस्सिर हुसैन अंसारी, राजू निषाद, डा सन्त बृजेश्वर प्रदेश प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी मो मुदस्सिर अंसारी गोरखपुर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश निराला, महराजगंज जिला प्रभारी तनवीर खान, युवा जिलाध्यक्ष अमजद खान. अमीन. प्रीति राव, शर्मिला गौतम, राजकुमार, शकील अहमद शहजादे, अफताब अंसारी, राजू निषाद, राम नयन निषाद नेहा अंसारी सानिया अंसारी बधाई दी एवं आशा व्यक्त किया कि सन्तकबीरनगर के खलीलाबाद तहसील में पार्टी को मजबूत करेगे उक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी ने दी।

## दो व्यक्तियों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपये का अर्थ दण्ड की हुई सजा

**बुलंदशहर।** नरेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र रणवीर सिंह और सुमित पुत्र नरेन्द्र उर्फ पप्पू निवासी शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तैयबपुर द्वारा वर्ष-2015 में वादी के भाई की गोली मारकर हत्या करने की घटना कारित की गयी थी।

# एकीकृत बागवानी मिशन से बदली अमेठी के किसान की किस्मत

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश भर के किसानों के लिए आधुनिक बागवानी और सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अमेठी जिले के किसानों ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत स्ट्रॉबेरी की सफल खेती करके एक नया कीर्तिमान रचा है। जहां पहले धान-गेहूं जैसी परंपरागत फसलों पर निर्भर किसान संघर्ष कर रहे थे, वहीं अब आधुनिक तकनीकों से उच्च मूल्य वाली फसलें उगाकर वे लाखों की आमदनी कमा रहे हैं। जिले के प्रगतिशील किसान विकास खण्ड जगदीशपुर के ग्राम-बनभरिया के जगदेव प्रसाद पुत्र श्री सद्धू इस क्रांति के प्रमुख प्रतीक बन चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल जगदेव प्रसाद के लिए, बल्कि पूरे अमेठी जिले के किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

जगदेव बताते हैं कि उद्यान विभाग के मार्गदर्शन और एकीकृत बागवानी मिशन के तहत मिले अनुदान ने उन्हें आधुनिक खेती अपनाने में मदद की। खासतौर पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत चलाई जा रही ₹पर ड्रॉप मोर क्रॉप₹ योजना ने उनकी खेती को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के सहयोग से 0.5 हेक्टेयर में स्ट्राबेरी की खेती के साथ ही ₹पर ड्राप मोर क्रापर₹ माइक्रोइरीगेशन योजना से ड्रिप सिंचाई पद्धति की स्थापना करायी गयी। कृषक द्वारा परम्परागत खेती के स्थान पर ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग कर लगभग 80 क्विंटल स्ट्राबेरी का उत्पादन प्राप्त किया। फसल की बिक्री स्थानीय मण्डी में कर समस्त खर्चों की कटौती करते हुए मात्र 06 माह में रुपये 5.0 लाख का लाभ प्राप्त कर अन्य कृषकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनें।इस योजना के तहत ड्रिप सिंचाई सिस्टम पर 80-90% तक सब्सिडी मिलने से पानी की बचत हुई और फसल की गुणवत्ता बढ़ी।

## मकून्स प्री-स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तुलसी दिवस व क्रिसमस- डे



वेलकम इंडिया

**डिबाई।** नगर के शिव कॉलोनी स्थित एवं हरीश पंजाबी द्वारा संचालित मकूंस प्री-स्कूलमें बुधवार को तुलसी दिवस व क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण को रंग बिरंगे गुब्बारें, झालरों इत्यादि से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तुलसी पूजन से की गई। स्कूल प्रबंधिका रश्मि खुराना एवं प्रधानाचार्या नीरू सिंघल ने तुलसी व तुलसी माता के स्वरूप में कन्या का विधिवत पूजन किया तथा सभी बच्चों व स्टाफ सदस्यों को तुलसी दिवस की शुभकामनाएं दी, प्रबंधिका रश्मि खुराना ने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और खुशियां लाए साथ ही तुलसी के औषधीय गुणों व संस्कृति के महत्व के बारे में बताया।

# दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा सदन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद और विजय बहादुर पाठक द्वारा राज्य के विकास के आधार को ढांचे के कायाकल्प में जुटे यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरन्तर सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की स्वीकृतियों दे रहे हैं। बड़े पैमाने पर राज्य के अधिकांश जनपदों में सड़कों के चौड़ीकरण किया जा रहा है। सहज स्वाभाविक है कि जब ये सड़के चौड़ी होती है तो मार्ग में विद्युत पोल भी आते हैं। जिन्हें आवश्यकता अनुरूप सिफ्ट भी किया जाता है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि वर्किंग प्लान बनाया जाता है तो सड़के चौड़ी हो जाती है जबकि बीच बीच में बिजली के पोल खड़े रह जाते हैं जो दुर्घटनाओं को दावत देते है विभागीय समन्वय के अभाव में डिवाइडर पर भी कई स्थानों पर पोल पाये गये।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में कार्यरत कर्मचारियों एवं विभाग में दिवंगत हुए कर्मचारियों के परिवारों का भविष्य निधि एवं ग्रेच्युटी का भुगतान कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग की। जनपद-गाजियाबाद शहर में स्थित पुरानी धरोहर दिल्ली गेट व डासना गेट का सौन्दर्गीकरण किये जाने की ओर आकृर्षित करता हूँ। गाजियाबाद पूरा शहर पुरानी धरोहर के चार दरवाजों के अन्दर है, जिसका मुख्य द्वार जवाहर गेट दिल्ली और सिहानी गेट है। जवाहर गेट जिसको वर्तमान समय में घंटाघर भी कहा जाता है। किन्तु इसका सौन्दर्यीकरण तो गाजियाबाद विकास प्राकिरण द्वारा कर दिया गया हैं,परन्तु दिल्ली गेट एवं डासना गेट जो दो द्वार है, वर्तमान में वह भी काफी क्षतिग्रस्त तथा खस्ता हालत में है। जिसके कारण उक्त दोनों पुराने धरोहर अपना अस्तित्व खो रहे है।

गाजियाबाद शहर की पुरानी धरोहर दिल्ली गेट व डासना गेट को बचाए जाने एवं उसका सौन्दर्गीकरण कराये जाने हेतु क्षेत्रीय जनता द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद से कई बार प्रयास किया गया किन्तु उसका सौंदर्यीकरण अभी तक न कराया गया जिसके कारण गाजियाबाद शहर की जनता में काफी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है जनपद-गाजियाबाद शहर में स्थित पुरानी धरोहर दिल्ली गेट व डासना गेट का सौन्दर्गीकरण कराया जाए ।जनपद-गाजियाबाद के खोड़ा कालोनी में निवास कर रहे लोगों के पीने के पानी की समस्या की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

खोड़ा कालोनी गाजियाबाद की एक महत्वपूर्ण आवासीय परिसर है। जिसमें 12 लाख की आबादी निवास करती है। उस कालोनी में रह रहे 12 लाख की एक बड़ी आबादी के उपयोग के लिए टैंकरों से सप्लाई दी जा रही है, जिन टैंकरों को लगाया गया है वो पर्याप्त संख्या में नहीं है और उनमें कई की हालत भी जर्जर है यही नहीं नियमित भी व्यवस्था नहीं हो पायी है कि वे आयेंगे ही आयेंगे। पानी जीवन में प्राथमिकता के आधार पर महत्व रखता है। बिना पानी जीवन जीना दुर्लभ है। इसलिए जनहित में पानी की समस्या का समाधान कराया जाना अति आवश्यक है। खोड़ा कालोनी पानी के लिए तरस रही है। जनपद-गाजियाबाद के अन्तर्गत खोड़ा कालोनी में हो रहे पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की।

## वाराणसी में कहानी संग्रह ह्यमेरी अंतिम कहानी का लोकार्पण

**वाराणसी।** साहित्यिक नगरी वाराणसी में कहानी संग्रह मेरी अंतिम कहानी का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया` पुस्तक के लेखक किसलय अरविंद ठाकुर हैं यह आयोजन स्वतंत्रता सेनानी ,पत्रकार,साहित्यकार एवं राजनेता स्वर्गीय बलेंद्र नारायण ठाकुर की इकतालीसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर सम्पन्न हुआ` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यासागर राय रहे जबकि अध्यक्षता केशव जालान ने की ` इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार अरविंद ठाकुर,वरिष्ठ साहित्यकार अजित आजाद तथा वरिष्ठ सर्जन डॉ.जितेंद्र राय की विशिष्ट उपस्थिति रही। लोकार्पण समारोह में वक्ताओं ने पुस्तक मेरी अंतिम कहानी की साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कृति समकालीन सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदनाओं और जीवन के विविध अनुभवों को सशक्त ढंग से प्रस्तुत करती है लेखकीय भाषा शैली और विषयवस्तु को पाठकों के लिए प्रेरक बताया गया` कार्यक्रम का आयोजन वाराणसी में मलदहिया स्थित एक होटल में किया गया जिसमें नगर के साहित्य प्रेमियों,बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की समारोह के अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# डॉ के एन मोदी कॉलेज में वीर बाल दिवस मनाने के क्रम में साहिबजादों को याद किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में वीर बाल दिवस मनाने के क्रम में सिखों के दसवें गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी के साहिबजादे अजित सिंह, साहिबजादे जुझार सिंह, साहिबजादे फतेहसिंह, साहिबजादे जोरावर सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने के लिए समर्पित, बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बच्चों के साहस, संकल्प और मूल्यों में निहित अद्भुत शक्ति को नमन करते हुए वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया।

विदित हो कि वीर बाल दिवस, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की, बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए बलिदान के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल ने बताया कि गुरु गोबिन्द सिंह जी सिख धर्म के महान गुरु थे जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया, उन्हीं के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को याद करने के लिए भारत सरकार के निर्देशन में वर्ष 2022 से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य युवाओं को साहिबजादों के बलिदान से परिचित कराना है ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर,विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता टी पी सिंह,शिक्षिका डॉ पूनम वशिष्ठ ने कहा कि वीर बाल दिवस सभी बच्चों के लिए प्रेरणा का प्रतीक है जो बच्चों को ईमानदारी, निडरता और बलिदान का महत्व समझाता है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर के सिंह, दिनेश कुमार ,प्रयास शर्मा, अनिल कुमार ,बलराम सिंह, संजीव कुमार, नंदलाल यादव, रामकुमार, योगेन्द्र कुमार, डॉ एके जैन, सीमा सिंह, हरिओम त्यागी, राजीव कुमार, महानन्द सिंह, शिवानी बीगोरिया, संजीव कुमार राजीव सिंह, के के शर्मा , राजीव सिंह ,अनीता अग्रवाल, रोमा चौधरी, कामिनी, राम मणि त्रिपाठी, रानी, चंचल, प्रीती, सतीश बाबू उपस्थित रहे।


# विधायक डॉ मंजू शिवाच ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किया नमन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** लखनऊ प्रवास के दौरान भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने विधानसभा परिसर के बाहर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया गया ।किसान सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में विधानसभा प्रांगण में चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा के समीप किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के परिश्रमी किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके योगदान को सम्मान और प्रोत्साहन मिला ।कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला कृषकों को खेती से संबंधित आधुनिक कृषि यंत्र वितरित किए गए। यह पहल महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# डॉ अनिल शर्मा को बेस्ट चिकित्सक अवार्ड से किया गया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अनिल शर्मा को बेस्ट चिकित्सक के रूप में डॉ एसके शर्मा,डॉ अनिल कोरी द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ अनिल शर्मा को सम्मानित किए जाने पर चिकित्सा सेवा से जुड़े चिकित्सकों ने कहा है कि डॉक्टर अनिल शर्मा इस सम्मान के हकदार हैं। उन्होंने चिकित्सा से सेवा में वे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

# पत्रकार विजेंद्र भारती को मातृ शोक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सूर्या आदित्य साप्ताहिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल के संपादक विजेंद्र भारती की माता रेशम देवी धर्मपत्नी स्व तेजपाल सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। वह 86 वर्ष की थीं। हापुड़ रोड स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया,जहां विजेंद्र भारती ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गण मान्य नागरिकों एवं मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम, बिट्टू बिश्नोई, मोहित, समाजसेवी बबलू वशिष्ठ, अजय भारती, मुकेश सिद्धार्थ के साथ वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश शर्मा, राकेश शर्मा, अनवर खान, अनिल मित्तल, अरुण वर्मा, सुनील शर्मा आदि रहे।

# पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रारंभ किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन द्वारा नगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में आमरण अनशन प्रारंभ किया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने बताया कि मुख्य समस्याः मोदीनगर राधा कृष्ण विहार गली मे पशु बांधने व गोयलपुरी में प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा तोड़ा गया था, उसका मलवा अभी तक वही पड़ा है इन समस्याओं हेतु अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रारंभ किया गया है।

जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक उनका आंदोलन चलता रहेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण त्यागी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर के राजा संजय कुशवाहा अतुल त्यागी अतुल त्यागी डॉक्टर इरफान अनुज कुमार शर्मा डॉ अशोक आकाश त्यागी शिवम त्यागी कलवा कश्यप नीतू कश्यप किरण सिंह सीमा शालू देवी प्रिया बेस प्रीति कर्मपाल कंबोज कुसुम देवी अनीता देवी प्रिंस त्यागी आदित्य त्यागी अंकुश त्यागी रविंद्र त्यागी आदित्य शर्मा जसमीत सिद्धू करण गुप्ता मुनेश अशोक कुमार देवदत्त धाम उत्तम त्यागी कल्लू कश्यप राहुल राय संदीप अनिल विजेंद्र सिंह अल्लू गुलबीर सिंह विपिन सुनील शर्मा मनोज त्यागी लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।

## जूबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स कम्पनी का वाराणसी में डीलर मीट का आयोजन

**वाराणसी ।** जूबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स कम्पनी के द्वारा बुधवार को वाराणसी में मलदहिया स्थित एक होटल में डीलर मीट का किया गया आयोजन` डीलर मीटिंग की अध्यक्षता कंपनी के जोनल हेड अभिषेक चतुर्वेदी ने की,साथ ही कंपनी के ब्रांच मैनेजर अभिषेक मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया` अभिषेक चतुर्वेदी ने कहा की जुबिलेंट ग्रुप न केवल अग्रणी है बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नंबर दो का स्थान भी हासिल कर चुकी है। जुबिलेंट ग्रुप भारतवर्ष की उन अग्रणी कंपनियों में से एक है जो अपने विविध उत्पादों के लिए जानी जाती है कंपनी जीवनजोड़ के नाम से सिर्फ प्रीमियम एडिसिव भी नहीं, फर्टिलाइजर्स,फूड पॉलीमर और लेटेक्स जैसे प्रोडक्ट्स बनाती है` जूबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की डीलर मीट में वाराणसी के लगभग डेढ़ सौ डीलर्स ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

# डॉ रितु गर्ग रिकॉर्ड 303 वोटो के अंतर से वैज्ञानिक सचिव के पद पर जीती



DR. SUNJAY GARG
Vice President



DR. RITU GARG
Scientific Secretary

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन वाराणसी के वार्षिक चुनाव में डॉ संजय गर्ग को वाइस प्रेसिडेंट (उपाध्यक्ष) तथा डॉ रितु गर्ग को वैज्ञानिक सचिव (साइंटिफिक सेक्रेटरी) के पद पर चुना गया`अध्यक्ष डॉ एम के श्रीवास्तव,सचिव डॉक्टर ए के त्रिपाठी चुने गए डॉ रितु गर्ग और डॉ संजय गर्ग ने शहर के सभी प्रतिष्ठित चिकित्सकों,प्राइवेट प्रैक्टिशनर्स तथा पीएचसी तथा सीएचसी पर तैनात सभी चिकित्सकों को हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्र के माहिर और सम्मानित चिकित्सकों को बुलवाकर सीएमई का आयोजन किया जाए ताकि सभी डॉक्टर्स लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से अपडेट हो सके तथा अलग -अलग विषयों पर ज्ञानवर्धन कर सकें डॉ संजय गर्ग ने कहा कि साथ ही साथ डॉक्टर की सुरक्षा और सामाजिक आयोजनों का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें खेल कूद,वार्षिकोत्सव,शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के लिए विभिन्न विभागों के कैंपस का आयोजन किए जाएंगे जैसे आई कैम्प,गर्भवती महिलाओं के लिए चेकअप कैंप,शरीर में खून की कमी की जांच,शुगर, लिपिड प्रोफाइल इत्यादि की जांच के लिए गांव एवं बस्ती में प्रतिष्ठित एवं अपने-अपने क्षेत्र के माहिर चिकित्सकों द्वारा कैंपस का आयोजन करवाया जाएगा ` साथ ही डॉक्टर के हितों के लिए हर संभव प्रयास इंडियन मेडिकल एसोसिएशन वाराणसी ब्रांच द्वारा किए जाएंगे।

यूपी स्टेट आईएमए और नेशनल आईएमए के द्वारा जो भी गाइडलाइंस प्राप्त होंगी,उनका भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा इसके पूर्व में भी डॉक्टर रितु गर्ग सोशल सेक्रेटरी और डॉक्टर संजय गर्ग जॉइंट सेक्रेटरी के पदों पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा चुने गए थे और अपनी सामाजिक सहभागिता और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के हितों में कार्य करते हुए सफलतापूर्वक अपने पद का निर्वहन पूरे वर्ष किया जिसकी वजह से इतनी भारी मतों से डॉ रितु गर्ग और डॉ संजय गर्ग तथा टीम के सभी सदस्यों को वाराणसी तथा आसपास के डॉक्टर्स ने जिताकर इस वर्ष भी महत्वपूर्ण दायित्व सौपा ।

# मारवाड़ी युवा मंच अन्नपूर्णा शाखा द्वारा क्रिसमस कार्निवल का आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** मारवाड़ी युवा मंच अन्नपूर्णा शाखा द्वारा महमूरगंज स्थित एक लॉन में क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि भारती मधोक सनबीम ग्रुप की वाइस चेयरमैन की वाइस चेयरपर्सन रहीं इसका भव्य उद्घाटन करने के बाद यहां पर 50 स्टॉल का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने भरपूर लुफ्त उठाएं कार्यक्रम पूजा खेमका इसका संचालन द्वारा किया गया जो इस समय मारवाड़ी वह मंच अन्नपूर्णा शाखा अध्यक्ष हैं

कार्यक्रम में अनिल जाजोदिया,आयुषी अग्रवाल,कृष्ण कुमार, ईशान शाह,स्मिता लोहिया, महेश चौधरी, पवन अग्रवाल, कविता भालोठिया एवं अन्य मारवाड़ी समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे ।



# आईपीए ने उठाया कड़कड़ाती ठंड में धर्मशाला में पढ़ने को मजबूर 125 नौनिहाल की शिक्षा और सुरक्षा का मुद्दा

वेलकम इंडिया अनिल कुमार






**गाजियाबाद।** एशिया की सबसे बड़ी साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के मकनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की जर्जर स्थिति के कारण 125 से अधिक नौनिहाल कड़कड़ाती ठंड में धर्मशाला में पढ़ने को मजबूर हैं। इस गंभीर एवं संवेदनशील स्थिति को लेकर इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज विद्यालय की प्रधानाचार्या से मुलाकात कर बच्चों की पीड़ा प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का निर्णय लिया। आईपीए की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा कि एक ओर सरकार विकसित भारत और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे नारे देती है, वहीं राजधानी से सटे गाजियाबाद के इस सरकारी विद्यालय में मासूम बच्चे टीन-शेड के नीचे दरी पर बैठकर पढ़ाई करने को विवश हैं। विद्यालय को जर्जर घोषित हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी आज तक इसके जीर्णोद्धार के लिए बजट स्वीकृत नहीं हो सका।

धर्मशाला में आए दिन विवाह एवं अन्य कार्यक्रम होने के कारण कक्षाएं बाधित हो जाती हैं, और कई बार बच्चों को खुले आसमान के नीचे पढ़ना पड़ता है – जिससे उनकी सुरक्षा और शिक्षा दोनों प्रभावित होती हैं। हम पिछले चार महीनों से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला प्रशासन से इस विद्यालय का जीर्णोद्धार और बच्चों की शिक्षा सुचारू रूप से संचालित करने की गुहार लगा रहे है लेकिन हर बार फंड जारी कराने की बात कह आश्वाशन दे दिया जाता है क्या यह इन अधिकारियों की इन नौनिहालों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता नहीं ?

आईपीए के महासचिव महिपाल रावत एवं राहुल शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण नौनिहालों का भविष्य खतरे में है। यदि अधिकारी स्वयं मौके पर आकर स्थिति देखें, तो वे इस दर्दनाक परिस्थिति को देखकर निश्चय ही भावुक हो उठेंगे। सरकार के पास तमाम योजनाओं के लिए फंड उपलब्ध है – तो फिर इन बच्चों के विद्यालय के जीर्णोद्धार के लिए बजट क्यों नहीं?

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से मांग करती है कि प्राथमिक विद्यालय मकनपुर-2 का जीर्णोद्धार तत्काल कराया जाए। यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन बच्चों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर सीमा त्यागी, राहुल शर्मा, एडवोकेट सुमित त्यागी, अमित चौहान, विवेक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# किसान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी किसानों की समस्या

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गहन समीक्षा की और जिन शिकायतों का समाधान अब तक नहीं हो पाया था, उन्हें तात्काल निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। किसान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायत लेकर आए प्रत्येक किसान से व्यक्तिगत रूप से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को बिंदुवार सुना। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा निस्तारण से संबंधित आख्या एवं फोटोग्राफ संबंधित कृषक और उप कृषि निदेशक कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों श्री बिजेन्द्र तोमर, श्री मनोज नागर, श्री राजवीर सिंह, श्री नेपाल सिंह सहित अन्य कृषकों ने बिजली, सिंचाई, कृषि, गन्ना, सड़कों, पशुपालन और अन्य जनसमस्याओं से जुड़े मुद्दों को विस्तार से रखा। किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसान दिवस की बैठक में विद्युत विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 80 से अधिक किसानों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

> हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश

# नए साल के जश्न को लेकर आबकारी विभाग गाजियाबाद अलर्ट, मदिरा संस्थानों को मिली एक घंटे की अतिरिक्त छूट

इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद



वर्ष 2025 के अंत और नए साल के स्वागत को लेकर जिले में जश्न की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस दौरान मदिरा सेवन करने वालों की संख्या में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए गाजियाबाद आबकारी विभाग ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि नए साल के अवसर पर मदिरा संस्थानों के संचालन समय में एक घंटे की अतिरिक्त छूट दी गई है। अब मदिरा संस्थान रात्रि 10 बजे के बजाय 11 बजे तक खुले रह सकेंगे। इसके साथ ही इवेंट लाइसेंस समेत विभाग से जुड़ी सभी आवश्यक सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई हैं।

यह विशेष व्यवस्था 24 और 25 दिसंबर के साथ-साथ 30 और 31 दिसंबर के लिए लागू रहेगी। यानी कुल चार दिनों के लिए यह सुविधा दी जा रही है। विभाग का अनुमान है कि प्रतिदिन इवेंट लाइसेंस के लिए 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हो सकते हैं। पिछले वर्ष भी इसी तरह 100 से अधिक लाइसेंस जारी किए गए थे।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन न करने वाले मदिरा संस्थानों और आयोजकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग की टीमें लगातार निगरानी रखेंगी ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

# पानी के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर जनता, महापौर ने जल निगम को दी सख्त चेतावनी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में पेयजल संकट को लेकर जनता की बढ़ती परेशानियों पर महापौर सुनीता दयाल एक बार फिर सख्त रुख में नजर आईं। बुधवार को वार्ड संख्या 7 आदर्श नगर बिहारीपुरा कॉलोनी, विजय नगर से करीब 50 महिलाएं और कुछ पुरुष महापौर आवास पर अपनी समस्या लेकर पहुंचे और पिछले लगभग 10 दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित होने की शिकायत की।

महिलाओं ने महापौर को बताया कि इलाके में पानी की पाइपलाइन फट गई है, जो कई दिनों से उसी अवस्था में पड़ी है, जिसके चलते घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी के अभाव में रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जबकि सड़क निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है। समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने तुरंत अधिकारियों से जानकारी ली। जांच में सामने आया कि संबंधित क्षेत्र में सीएचए पार्ट-2 फेज-2 योजना के अंतर्गत जल निगम द्वारा पानी की टंकी, ट्यूबवेल और पाइपलाइन बिछाई गई थी और वर्तमान में जल आपूर्ति की जिम्मेदारी भी जल निगम की ही है। इस पर महापौर ने जल निगम के सहायक अभियंता सौरभ कुमार से सीधे बातचीत करते हुए कड़ी नाराजगी जताई और पूछा कि 10 दिनों से पानी की आपूर्ति बंद होने और पाइपलाइन फटने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान क्यों नहीं किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार जनहित की योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च करती है और इसके बावजूद जनता को पानी के लिए भटकना पड़े, यह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तत्काल जल आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो स्थानीय महिलाएं जल निगम के खिलाफ धरने पर बैठ सकती हैं।

## खुशियों, प्रेम और उल्लास के रंग में रंगा ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल, 'मेरी क्रिसमस' समारोह

**गाजियाबाद।** सनसिटी स्थित ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को क्रिसमस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, भव्य क्रिसमस ट्री, गुब्बारों और झिलमिलाती रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरे स्कूल में उत्सव का मनोहारी वातावरण दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना और मधुर क्रिसमस कैरोल्स से हुआ। इसके पश्चात नन्हे-नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य, मनमोहक गीत और प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया।

बच्चों की प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को खुशियों और उल्लास से भर दिया तथा उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियों की गडगड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

# प्रदेश के पहले दिव्यांग बच्चों के पार्क को बचाने के लिए इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की मुख्यमंत्री से अपील

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद।** गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित उत्तर प्रदेश के पहले दिव्यांग पार्क के अस्तित्व पर उठे सवालों ने अब एक गंभीर और संवेदनशील चर्चा को जन्म दे दिया है। वर्ष 2020 में माननीय केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह द्वारा उद्घाटित यह विशेष पार्क हजारों दिव्यांग बच्चों के शारीरिक, मानसिक उपचार (थेरेपी) और गरिमापूर्ण जीवन का एकमात्र सहारा रहा है। पार्क के सौंदर्यीकरण एवं बोटिंग प्रोजेक्ट की योजना के बीच, जीआरएपी-4 की पाबंदियों के दौरान जिस प्रकार 19 दिसंबर की रात को पार्क को खोदने की कार्रवाई की गई, उसने दिव्यांग बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और भविष्य को लेकर अभिभावकों में गहरी चिंता और रोष व्याप्त है। आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी का कहना है कि विकास की कोई भी योजना इन दिव्यांग बच्चों के एकमात्र सुरक्षित एवं अनुकूल स्थान की कीमत पर स्वीकार्य नहीं हो सकती। मामले की गंभीरता को देखते हुए, अभिभावकों ने शनिवार, 20 दिसंबर को जीडीए सचिव श्री राजेश कुमार सिंह (आईएएस) से भेंट कर अपनी आपत्तियाँ और चिंताएँ स्पष्ट रूप से रखीं थी। इसके पश्चात सोमवार, 22 दिसंबर को जीडीए अधिकारी श्री विजेंद्र गुप्ता ने मौके का निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को देखकर अभिभावकों को आश्वस्त किया कि बच्चों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी। दिव्यांग बच्चो के अभिभावकों का रुख स्पष्ट और दृढ़ है विकास तभी स्वीकार्य है जब वह समावेशी हो। केवल मौखिक आश्वासन से दिव्यांग बच्चों के भविष्य को सुरक्षित नहीं माना जा सकता। इंदिरापुरम के ये विशेष बच्चे और उनके परिवार आज शासन-प्रशासन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं कि अधिकारी अपने वचनों पर खरे उतरेंगे। यह समय केवल योजनाएँ बनाने का नहीं, बल्कि इस विशेष धरोहर को व्यावसायिकता के अतिक्रमण से बचाने का है, ताकि यह सिद्ध हो सके कि उत्तर प्रदेश का प्रशासन संवेदनशील, समावेशी और न्यायप्रिय है।

आईपीए के महासचिव महिपाल रावत का कहना है कि हमने प्रदेश के मुख्यमंत्री , पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में मिजोरम के गवर्नर जनरल वीके सिंह , राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सहित दिव्यांग बच्चो के अधिकारों की रक्षा के लिए बने विभाग को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि इस दिव्यांग बच्चो के पार्क को बचाकर उनको उनका अधिकार दिलाया जाए हमें आशा है माननीय मुख्यमंत्री जी इन दिव्यांग बच्चो के साथ न्याय करेंगे

# जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय व्यापार बंधु बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आर्थिक, औद्योगिक विकास और राजस्व वृद्धि के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने की, जिसमें जिले के विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में व्यापारियों के समक्ष आ रही सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। व्यापार बंधु की बैठक का संचालन राज्य कर विभाग के उपायुक्त (प्रशासन) श्री चंद्रकांत भूषण द्वारा किया गया। बैठक में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहर की सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या, रमते राम रोड स्थित पक्का तालाब को औषधीय तालाब के रूप में विकसित किए जाने, नगर निगम द्वारा प्रस्तावित हाउस टैक्स से संबंधित मुद्दों सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को उठाया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि व्यापारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का आपसी समन्वय के साथ शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि व्यापारिक गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित हो सकें और जिले के आर्थिक विकास को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों के सहयोग से ही शहर का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक में जीएम डीआईसी श्रीनाथ पासवान, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन हक, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजेंद्र सिंह, श्रम विभाग की एएलसी श्रीमती विनिता सिंह, राज्य कर विभाग की संयुक्त आयुक्त (विधि एवं अनुशासन) श्रीमती सुजाता सिंह, व्यापारी संघ के वरिष्ठ नेता अशोक भारती, प्रशांत सरैया, बाल किशन गुप्ता, वसीम अली, अजय चोपड़ा सहित विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के संग उल्लास और उमंग से मनाया गया क्रिसमस पर्व

**गाजियाबाद।** भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित 'उड़ान' स्पेशल डे केयर सेंटर में बुधवार को क्रिसमस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे सेंटर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, भव्य क्रिसमस ट्री और आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों ने सांता क्लॉज की टोपी पहनकर केक काटा और क्रिसमस की खुशियों को साझा किया। बच्चों ने एक-दूसरे को चॉकलेट बांटी, म्यूजिक की धुनों पर थिरकते हुए नृत्य किया और पूरे माहौल को खुशियों से भर दिया।

बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने कार्यक्रम को बेहद भावुक और यादगार बना दिया। इस आयोजन में स्कूल के स्टाफ, स्पेशल एजुकेटर, रिहैबिलिटेशन थेरेपिस्ट और केयरगिवर्स ने बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम का आनंद लिया।

# मुख्य विकास अधिकारी व रेड क्रॉस सोसाइटी ने विकास भवन में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को बांटे कंबल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंद दिव्यांगजनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विकास भवन में बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने सहभागिता करते हुए दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वयं एक-एक दिव्यांगजन के पास जाकर कंबल भेंट किए, जिससे लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलकती नजर आई। कंबल पाकर जरूरतमंद दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने प्रशासन व रेड क्रॉस सोसाइटी के इस सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी अंशुल चौहान, रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद की सचिव डॉ. किरण गर्ग, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, डॉ. बालिगा, पूनम शर्मा तथा रिचा बल्लभ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# नोएडा के सेक्टर 24 पुलिस ने 2 शातिर चोरों 21 मोबाइल और 1 लैपटॉप के साथ किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद** नोएडा में घरों व भीड़-भाड़ वाली जगहों से लैपटॉप, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान चुराने वाले दो शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तो कब्जे से चोरी के 21 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 2 अवैध चाकू और 2070 रुपये नकद बरामद किया है। अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में 16 मुकदमें पूर्व में दर्ज है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद सिंह ने बताया कि थाना आज थाना सेक्टर-24 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए घरों व बाजारों में चोरी की घटना कारित करने वाले 2 अभियुक्त श्याम उर्फ भूरा पुत्र महेन्द्र तथा चन्द्रशेखर उर्फ राजू पुत्र मुकेश कुमार को सेक्टर-11 नोएडा के पास गन्दे नाले के पुस्ते से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किये गये 21 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 2 अवैध चाकू और 2070 रुपये नकद बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि दोनों मिलकर घरों व भीड़-भाड़ वाली जगहों से लैपटॉप, मोबाईल व अन्य कीमती सामान चोरी करते है। आज जो लैपटॉप व मोबाइल फोन बरामद हुए है, ये हम दोनों ने मिलकर अलग-अलग जगहों से चोरी किया था। कुछ दिनों पहले हमने टी-ब्लाक सेक्टर-12 नोएडा में एक घर से पानी की टोंटिया चुराई थी तथा गली नंबर-1 ग्राम झुंडपुरा से एक लैपटॉप चोरी किया था, जिनको हमने एक अज्ञात व्यक्ति को सस्ते दामो पर बेच दिया था तथा चाकू को हम अपने पास अपने बचाव के लिए रखते हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।



